दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्ण तमस: परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर | 2 | अभिव्यक्ति | 3 | राजधानी | 6 | छत्तीसगढ़ | 7 | खेल/बिजनेस

RNI NO.MPHIN/2017/72749 भोपाल, शनिवार 2 सितम्बर 2023, शुक्ल पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत-2080 वर्ष-7 अंक-113, पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

सेमरिया बनेगी नगर परिषद, हनुमानगढ़ बनेगी तहसील तथा गिजवार में सीएम राईज स्कूल खुलेगा

मुख्यमंत्री ने आँगनवाड़ी सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि की घोषणा की

सितम्बर माह में एक किलोवाट बिजली खपत वाले परिवारों का बिल होगा जीरो

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाड़ली बहना सम्मेलन में सीधी को दी कई सौगातें

भोपाल/सीधी/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीधी में लाड़ली बहना सम्मेलन में कहा कि राखी कच्चे धागों का नहीं स्नेह और आत्मीयता का बंधन है। मेरे जीवन का उद्देश्य महिलाओं का कल्याण और विकास करना है। बहनों का जीवन बदल गया तो मेरा मुख्यमंत्री बनना सार्थक हो जायेगा। लाड़ली बहना योजना से हर महीने बहनों को एक हजार रूपये दिये जा रहें है, योजना ने बहनों का मान-सम्मान बड़ाया है। यह कोई कर्मकांड नहीं सामाजिक क्रांति है। योजना की राशि को बढ़ाकर 3 हजार रूपये किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने सीधी जिले में प्रवास के दौरान मेडिकल कॉलेज तथा रामपुर नैकिन में 100 बिस्तर के अस्पताल का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 156 करोड़ **शेष पृष्ठ 5 पर**

मेडिकल कॉलेज का भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीधी में मेडिकल कॉलेज के लिए प्रस्तावित स्थल ग्राम नौड़िया में भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन सीधी जिले के लिए बहुत बड़ी सौगात का दिन है। आज सीधी को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिल रही है। इससे सीधी जिले के साथ-साथ आसपास के पूरे क्षेत्र को उपचार की उच्च-स्तरीय सुविधा मिलेगी। आज बहुत पुरानी मांग पूरी होने से सही मायनों में सीधी के साथ न्याय हुआ है। इसके साथ ही प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 31 हो जाएगी। वर्ष 2003 तक प्रदेश में केवल 5 मेडिकल कॉलेज थे। सीधी जिले में इस कॉलेज की स्थापना से प्रदेश के छात्रों के लिए हर वर्ष अतिरिक्त 100 एमबीबीएस सीटें प्राप्त हो सकेंगी।

जनदर्शन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के सीधी आगमन पर सीधी वासियों ने उत्साहवर्धक नारों, ढोल-ढमाकों और नृत्य के माध्यम से प्रसन्नता और उल्लास प्रकट कर स्वागत किया। जनदर्शन में भारत माता की जय तथा वंदे-मातरम की घोष के साथ मुख्यमंत्री श्री चौहान पर निरंतर पुष्प-वर्षा होती रही और मुख्यमंत्री का विकास पर्व रथ अपार जन-समुदाय के साथ आगे बढ़ता रहा।

आज बेबाक

नई संसद में संसद का पांच दिवसीय विशेष सत्र बुलाकर सरकार ने विपक्षी दलों को भौंचक कर दिया है। 18 सितंबर से शुरू होने वाले इस विशेष सत्र में क्या होगा? इसे लेकर सभी माथापच्ची कर रहे हैं। सभी के दिमाग का दही हो रहा है। खबरियां चैनलों को नया काम मिल गया है। वे इस विशेष सत्र में होने वाले फैसलों पर भविष्यवाणी करने लगे है। जबकि सत्र में क्या होगा यह किसी को पता नहीं। सरकार को चाहिए कि वह इस विशेष सत्र के एजेंडे का खुलासा कर व्यर्थ की अटकलों पर विराम लगाए।

राहुल आज रायपुर में युवा सम्मेलन को करेंगे संबोधित

रायपुर/नवप्रदेश। आज 2 सितंबर को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी रायपुर आयेंगे। दोपहर 1 बजे मेला ग्राउण्ड नवा रायपुर में विशाल राजीव युवा मितान सम्मेलन आयोजित है। सम्मेलन को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी विशेष रूप से सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप-मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रभारीद्वय डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरीशंकर उल्का, सह-प्रभारी विजय जांगिड़, मंत्रीगण एवं प्रदेश के वरिष्ठ नेतागण भाग लेंगे।

'इंडिया' गठबंधन ने बनाई 14 सदस्यों की कोआर्डिनेशन कमेटी

मुंबई । विपक्षी गठबंधन इंडिया ने शुक्रवार (1 सितंबर) को मुंबई की मीटिंग में कई बड़े फैसले किए। इंडिया के नेताओं ने 14 सदस्यों की समन्वय समिति बनाने का ऐलान किया है। साथ ही गठबंधन का नारा 'जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया' होगा। समन्वय समिति में कांग्रेस से केसी वेणुगोपाल, एनसीपी से शरद पवार, डीएमके से टीआर बालू, शिवसेना (यूबीटी) से संजय राउत, आरजेडी से तेजस्वी यादव, टीएमसी से अभिषेक बनर्जी, आप से राघव चड्ढा, समाजवादी पार्टी से जावेद **शेष पृष्ठ 5 पर**

सीट बंटवारे पर जल्द फैसला

उन्होंने आगे कहा, सीट बंटवारे पर अलग अलग राज्यों में चर्चा तत्काल शुरू की जाएगी और जल्द से जल्द से इसे पूरा किया जाएगा। देश के अलग अलग हिस्से में जनसभा आयोजित की जाएगी। अलग अलग भाषाओं में जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया की थीम के साथ विपक्षी गठबंधन चुनाव में उतरेगा। मीडिया की साझा रणनीति बनाई जाएगी। गठबंधन इंडिया की ये तीसरी बैठक थी जो कि दो दिनों तक चली। इससे पहले गठबंधन की पहली मीटिंग जून के महीने में बिहार के पटना में हुई थी। फिर दूसरी बैठक जुलाई में बेंगलुरु में आयोजित की गई थी। जिसमे गठबंधन को इंडिया नाम दिया गया था।

एक देश एक चुनाव को लेकर केंद्र ने बनाई कमेटी

नई दिल्ली । 'एक देश-एक चुनाव' पर केंद्र सरकार ने कमेटी बना दी है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। केंद्र सरकार ने 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। संभव है कि एक देश एक चुनाव पर सरकार बिल भी ला सकती है। केंद्र की बनाई कमेटी एक देश एक चुनाव के कानूनी पहलुओं पर गौर करेगी। साथ ही इसके लिए आम लोगों से भी राय लेगी। इस बीच, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा कोविंद से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। हालांकि, इस मुलाकात की वजह सामने नहीं आई है। सरकार की इस पहल पर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आखिर एक देश एक चुनाव की सरकार को अचानक जरूरत क्यों पड़ गई। वहीं कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा- व्यक्तिगत तौर पर मैं एक देश एक चुनाव का स्वागत करता हूं। यह नया नहीं, पुराना ही आइडिया है। इस बीच, संसदीय कार्य मंत्री, प्रह्लाद जोशी ने कहा, 'अभी तो समिति बनी है, इतना घबराने की बात क्या है? समिति की रिपोर्ट आएगी, फिर पब्लिक डोमेन में चर्चा होगी। संसद में चर्चा होगी। बस समिति बनाई गई है, इसका अर्थ यह नहीं है कि यह कल से ही हो जाएगा।'

लखनऊ में मंत्री के घर में जुए में हुई हत्या

छीना-झपटी में लगी विनय को गोली; कौशल किशोर के बेटे की पिस्टल से चली थी गोली

लखनऊ। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के लखनऊ स्थित घर में विनय श्रीवास्तव की हत्या जुए में हुए झगड़े में हुई थी। विनय मंत्री के बेटे विकास का दोस्त था।

पुलिस ने उसकी हत्या करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अंकित, अजय और शमीम बाबा के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक, जुए में हार-जीत को लेकर झगड़ा हुआ था। विनय श्रीवास्तव जुए में अंकित से करीब 12 हजार रुपए हार गया था। जीत के बाद अंकित ने जुआ खेलने से मना कर दिया।

इसी बात को लेकर नशे में उनके बीच कहासुनी हुई थी। जिसके बाद विनय ने बेड के नीचे से पिस्टल निकाल ली। इसके बाद दोनों के बीच छीना-झपटी होने लगी। इसी दौरान गोली चलने से विनय की मौत हो गई।

राज्यपाल पटेल से ब्रिटिश उप उच्चायुक्त स्कॉट की सौजन्य भेंट

इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर क्लाइमेट रीसिलिएन्ट ग्रोथ प्रोग्राम की दी जानकारी

भोपाल/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से ब्रिटिश उप उच्चायुक्त सुश्री क्रिस्टीना स्कॉट ने आज राजभवन में सौजन्य भेंट की। राज्यपाल श्री पटेल को ब्रिटिश सरकार के फॉरेन कॉमनवेल्थ एन्ड डेव्हलपमेंट ऑफिस द्वारा संचालित इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर क्लाइमेट रीसिलिएन्ट ग्रोथ प्रोग्राम की जानकारी दी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा, इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर क्लाइमेट रीसिलिएन्ट ग्रोथ प्रोग्राम से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय स्टेक होल्डर्स मौजूद थे।

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने बताया कि इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर ग्रोथ प्रोग्राम पोर्टफोलियो अंतर्गत परिषद द्वारा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट एन्ड डेव्हलपमेंट के सहयोग से जलवायु सूचना सेवा टूल क्रिस्प-एम डिजाईन किया गया है। क्रिस्प-एम टूल केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ब्रिटिश सरकार के फॉरेन कॉमनवेल्थ एन्ड डेव्हलपमेंट ऑफिस के सहयोग से जलवायु परिवर्तन की संभावित चुनौतियों का सामना करने में ग्रामीण समुदायों को आवश्यक सहायता देने के लिए विकसित किया गया है। मध्यप्रदेश देश का प्रथम राज्य है, जहाँ रायसेन और सीहोर जिलों में इसका पायलेट प्रोजेक्ट अक्टूबर 2021 में लॉंच किया गया था। क्रिस्प-एम टूल ग्रामीण परिवारों को स्थानीय जलवायु डेटा को प्राप्त, साझा करने की सुविधा के साथ ही जलवायु संकट का सामना करने में मदद करता हैं। उनकी आजीविका की सुरक्षा के लिए संसाधनों तक पहुँचने की सुविधा प्रदान करता है। समुदायों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बारे में जानकारी देकर भविष्य के जलवायु परिदृश्य, भूमि के भू-जल की स्थिति, सतही वर्षा जल प्रवाह और वर्षा पेटर्न आदि के विषय में जागरूक कर जल-संरक्षण की दीर्घकालीन योजना निर्माण में सहायता करता है। पायलट प्रोजेक्ट में टूल की व्यापक उपयोगिता और स्वीकार्यता के दृष्टिगत जन-साधारण के लिये टूल का वैश्विक संस्करण इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एन्वायरमेंट एण्ड डेव्हलपमेंट के साथ संयुक्त रूप से विकसित किया गया है, जो वैश्विक स्तर पर किसी भी हितधारक द्वारा सार्वभौमिक रूप से उपयोग किया जा सकता है।

इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एन्वायरमेंट एण्ड डेव्हलपमेंट की टीम लीडर और मुख्य शोधकर्ता सुश्री ऋतु भारद्वाज ने बताया कि फील्ड स्तर पर कार्यरत सरकारी पदाधिकारियों और समुदायों को टूल की उपयोगिता के बारे में आवश्यक **शेष पृष्ठ 5 पर**

मणिपुर में बीते 3 दिन में 8 और मौतें

इंफाल। मणिपुर एक बार फिर सुलग उठा है। चुराचांदपुर और बिष्णुपुर जिलों के बॉर्डर पर बफर जोन में 29 अगस्त से शुरू हुई हिंसा अब भी जारी है। पिछले तीन दिन में 8 लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसा में 18 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। आदिवासी संगठन ढ्ढञ्जरूस्न ने चुराचांदपुर में बंद का ऐलान किया है। आर्मी का कहना है कि महिला संगठन उन्हें हिंसाग्रस्त इलाकों में आगे जाने नहीं दे रहे हैं। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार यानी 1 सितंबर को केंद्र और मणिपुर सरकार को हिंसा प्रभावितों तक भोजन, दवाएं और बुनियादी सामान पहुंचाने का निर्देश दिया। CJI डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने सरकार **शेष पृष्ठ 5 पर**

सूर्य फतह करने आज 11.50 बजे लांच होगा आदित्य एल-1

नई दिल्ली । चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग और मिशन की सफलता के बाद अब सूर्य फतह करने की बारी है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार (1 सितम्बर) को ये जानकारी देते हुए कहा, भारत के पहले सोलर मिशन आदित्य एल1 का काउंटडाउन शुरू हो गया है। इसके पहले इसरो वैज्ञानिकों की एक टीम आदित्य-एल1 मिशन के मिनी मॉडल के साथ तिरुमाला श्री वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंची। भारत का पहला सौर मिशन आदित्य-एल 1 मिशन आज 2 सितंबर शनिवार को सुबह 11.50 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने गुरुवार को चेन्नई में लॉन्चिंग की तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया था, रॉकेट और सैटेलाइट तैयार हैं। हमने लॉन्च करने के लिए अभ्यास पूरा कर लिया है।इसरो प्रमुख ने कहा कि शनिवार सुबह 11.50 बजे आदित्य मिशन लॉन्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सौर मिशन सूर्य का अध्ययन करने के लिए है और सटीक त्रिज्या तक पहुंचने में 125 दिन लगेंगे। चंद्रयान-3 मिशन के बारे में सोमनाथ ने कहा कि सब कुछ अच्छे से काम कर रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अवैध शादी में जन्मी संतान वैध

माता-पिता की अर्जित-पैतृक संपत्ति पर अधिकार, इन मामलों में बेटियां भी हकदार

नई दिल्ली/नवप्रदेश। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार 1 सितबंर को कहा कि किसी भी अवैध शादी से जन्मी संतान का उनके माता-पिता की अर्जित और पैतृक प्रॉपर्टी में अधिकार होगा। ऐसे मामलों में बेटियां भी प्रॉपर्टी में बराबर की हकदार होंगी। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अवैध शादी से जन्मे बच्चे वैध होते हैं। माता-पिता की संपत्ति पर उनका उतना ही अधिकार है, जितना की वैध शादी में दंपती के बच्चे का होता है। हिंदू मैरिज एक्ट, 1955 के तहत किसी शादी को दो आधार पर अमान्य माना जाता है- एक शादी के दिन से ही और दूसरा जिसे अदालत डिक्री देकर अमान्य घोषित कर दे। हिंदू सक्सेशन लॉ के आधार पर अमान्य शादियों में जन्मी संतान माता-पिता की संपत्ति पर दावा कर सकते हैं। **शेष पृष्ठ 5 पर**

चंद्रयान मिशन की तरह ही जीवन को भी देखें, कठिनाई का डटकर मुकाबला करें, सफलता कदम चूमेगी : राष्ट्रपति

बिलासपुर/नवप्रदेश। दो दिवसीय दौरे पर छग पहुंची राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मु शुक्रवार को बिलासपुर पहुंची। वे गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने तथा विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने पहुंची। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने चंद्रयान मिशन के माध्यम से जीवन की सफलताओं के सूत्र बताए। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के चंद्रयान ने चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग की। इस पर बरसों से निष्ठापूर्वक काम होता रहा। मार्ग में रूकावटें आती रहीं लेकिन हम नहीं रूके। ऐसा व्यक्तिगत जीवन में भी होता है। निरंतर दक्षता के साथ परिश्रम करते रहें तात्कालिक सफलता से कभी हताश न हो, चुनौतियां हमारे जीवन में आती हैं तो नये मौके भी लाती हैं। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर 2946 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की। समारोह में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि आज हमारा तिरंगा चांद पर पहुंच चुका है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि का विषय है। इस उपलब्धि को किस तरह वैज्ञानिकों ने प्राप्त किया। इस संबंध में विश्वविद्यालय में आयोजन होने चाहिए ताकि **शेष पृष्ठ 5 पर**

स्वामी विवेकानंद को किया याद

राष्ट्रपति ने कहा कि इस विश्वविद्यालय का महत्व इसलिए भी है क्योंकि इसका नाम गुरु घासीदास के नाम पर है। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। गुरु घासीदास ने समानता का संदेश दिया। समानता के आदर्शों पर चलकर ही युवा सुख के रास्ते पर चल सकते हैं और सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस मौके पर राष्ट्रपति ने स्वामी विवेकानंद को भी याद किया। उन्होंने कहा कि रायपुर का हवाई अड्डा स्वामी विवेकानंद के नाम पर है। वे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ खेलकूद को भी महत्व देते थे। स्वामी जी आत्मविश्वास की मूर्ति थे। स्वामी जी ने शिकागो में भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता का विश्वघोष किया था। उस समय भारत में गुलामी की मानसिकता अपने चरम पर थी। एशिया के लोग हीनता की भावना से ग्रस्त थे। ऐसे वातावरण में विवेकानंद ने भारत का नाम बढ़ाया। युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेनी चाहिए।

छात्रों को दी बधाई

राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे खुशी है कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 76 विद्यार्थियों में 45 छात्राएं हैं जो कुल संख्या का लगभग 60 प्रतिशत है। विश्वविद्यालय में 47 प्रतिशत छात्राएं पढ़ रही हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह बड़ा कदम है। देश की आधी आबादी महिलाओं की है। इन्हें सशक्त करने से देश और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के आसपास के क्षेत्र में आदिवासी समुदाय काफी है। राज्य की एक तिहाई आबादी जनजातीय है। जनजातीय समुदाय के प्रति संवेदनशीलता और महिलाओं की भागीदारी जैसे विषय बहुत महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में अच्छा कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने उपाधि समारोह के मौके पर उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए उनके अभिभावकों तथा विश्वविद्यालय के टीचिंग स्टाफके योगदान को भी रेखांकित किया।

संपादकीय

एक देश एक चुनाव बड़ी चुनौती

18 सितंबर से संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। यद्यपि अभी तक इस विशेष सत्र के एजेंडे का सरकार ने खुलासा नहीं किया है लेकिन ऐसी अटकलें लगाई जा रही है कि इस पांच दिवसीय विशेष सत्र में एक देश एक चुनाव पर चर्चा की जाएगी। विपक्षी पार्टियों ने एक देश एक चुनाव को पहले तो महज एक शिगुफा ही समझा था लेकिन जब सरकार ने एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर आम राय कायम करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन करने की घोषणा कर दी तो अब विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रियाएं देने शुरू कर दिया है। इस बीच संसदीय कार्यमंत्री ने बयान दिया है कि एक देश एक चुनाव को लेकर विपक्षी नेताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। इस पर संसद में चर्चा के बाद ही निर्णय होगा। वैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत पहले से एक देश एक चुनाव की बात करते रहे है और कई फोरम में इस भी हुई है। लॉकमिशन ने इस बारे में पहल की थी। जहां तक चुनाव आयोग का प्रश्न है तो उसने भी एक देश एक चुनाव को चुनाव पर सहमति जताई थी। देश में एक साथ लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव आजादी के बाद 1967 तक होता रहा है लेकिन इसके बाद कुछ राज्य सरकारों को समय पूर्व बर्खास्त करने तथा आगे चलकर कई अन्य राज्यों के गठन के बाद लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव नहीं हो पाए। इसलिए एक देश एक चुनाव संविधान सम्मत है। इसके लिए सरकार को सिर्फ जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 में संशोधन करना होगा। किन्तु इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक पार्टियों में आम सहमति बनाना सरकार के लिए एक चुनौती होगी। सिद्धांत रूप से तो कई विपक्षी पार्टियों ने पहले ही एक देश एक चुनाव पर अपनी सहमति जताई थी लेकिन अब उन्हीं में से कुछ पार्टियां इसका विरोध कर रही है। जिनमें से ज्यादातर क्षेत्रिय पार्टियां है। दरअसल उन्हें यह डर सता रहा है कि लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनाव के होने से वे दोनों चुनाव पर अपनी पुरी ताकत नहीं लगा पाएंगे और एक साथ चुनाव होने के कारण क्षेत्रिय मुद्दे हाशिए पर चले जाएंगे और पूरा चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों पर केन्द्रीत होकर रह जाएगा। जिसका लाभ राष्ट्रीय पार्टियों को मिल सकता है। हालांकि ऐसा नहीं है। बहरहाल एक देश एक चुनाव से आम जनता पर खर्च का बोझ कम होगा। बार-बार चुनाव होने से और इसके चलते आचार संहिता प्रभावशिल होने के कारण विकास कार्य बाधित होते है। यदि एक साथ चुनाव होते है तो सरकार का हजारों करोड़ रुपए बचेगा। अलग-अलग वोटर लिस्ट नहीं बनानी पड़ेगी। और सरकारी योजनाएं बेहतर ढंग से क्रियान्वीत होगी। यहीं नहीं बल्कि मतदान का प्रतिशत भ्झी बढ़ेगा जो लोकतंत्र के हित में है। किन्तु एक देश एक चुनाव की राह उतनी भी आसान नहीं है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि क्या चुनाव आयोग एक साथ चुनाव कराने कीस्थिति में है भी या नहीं। फिलहाल चुनाव आयोग के पास लगभग 25 लाख ईवीएम है। जबकि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के लिए लगभग 50 लाख ईवीएम की आवश्यकता पड़ेगी। इतनी बड़ी संख्या में ईवीएम के इंतजाम में लगभग दो साल का वक्त लग सकता है। इसके अलावा कई ऐसे राज्य भी है जहां हालहिं में विधानसभा चुनाव हुए है। वहां लोकसभा के साथ ही फिर से विधानसभा चुनाव कराना ही बड़ी चुनौती होगी। अब जबकि इसके लिए सरकार ने पहल शुरू कर दी है। तो देखना होगा कि संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र में इस पर क्या विचार होता है और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद वाली अध्यक्षता वाली समिति क्या फैसला देती है जिस पर यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर विपक्षी पार्टियों के नेताओं से राय सुमारी करें और इसकी राह में आने वाली दिक्कतों का पता लगाए। ताकि समय रहते उन बाधाओं को दूर किया जा सके। यद्यपि यह कमेटी कब तक अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। इसकी अभी तक समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है। ऐसे में नहीं लगता कि सरकार आनन-फानन में एक देश एक चुनाव पर कोई फैसला लेगी। इसके लिए आम सहमति जरूरी है और यह भी एक समय खाने वाला काम है।

विचार

मॉनसून ब्रेक से किसान संकट में

प्रदेश में कहीं-कहीं तो इंद्रदेव की कृपा बराबर हुई है, पर कहीं-कहीं इंद्रदेव रास्ता भूल गए, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ सकता है। किसानों की अर्थ व्यवस्था बारिश पर निर्भर है। ज्यादा बारिश होने पर भी पनिया दुकाल का सामना करना पड़ता है। इस सत्र में खंड वर्षा ने किसानों को फिर से एक बार संकट में डाल दिया है। एनीकट से जुड़े नहरों से पानी छोड़ने की मांग बलवती हो रही है। मानसून लगभग समाप्ति की ओर है। काशी के फूल खिलने के संकेत से किसानों में चिंता बढ़ गई है। मतबल साफ है कि औसत से आधी बारिश होने की वजह से न तो अभी तक भूजल के स्तर में सुधार हुआ है न ही पारंपरिक जल स्त्रोतों में ही पानी भरा है। सूख रही धान को बचाने की कोशिश में किसान लगे हुए हैं। पिछले 10 दिनों से निर्मित मानसून ब्रेक से खरीफ फसलों के लिए संकट पैदा हो गया है। पिछले आठ दिनों से वर्षा नहीं होने के कारण खेतों की नमी सूख गई है तथा धान की फसल मुरझाने लगी है। दो-तीन दिन के भीतर वर्षा नहीं हुई तो धान की फसल को बचाना मुश्किल होगा। मौसम की बेरुखी के कारण इस बार प्रारंभ से ही अम्बिकापुर शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में बारिश की कमी बनी रही। वर्षा के अभाव में समय पर कहीं भी धान की रोपाई नहीं हो सकी। जुलाई के अंत एवं अगस्त के प्रारंभ में मूसलाधार बारिश होने पर किसानों ने धान की रोपाई की। धान की रोपाई के बाद मौसम की मेहरबानी से किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौटी थी लेकिन मौसम के साथ छोड़ने से फिर से पूर्व की स्थिति निर्मित हो गई। पिछले लगभग दस दिनों से मानसून द्रोणिका हिमालय की तराई की ओर चली गई है, जिससे बारिश बंद हो गई है। प्रारंभ में वातावरण में मौजूद नमी के प्रभाव से छिटपुट वर्षा हुई, लेकिन 22 अगस्त से वर्षा बंद है। बारिश बंद होने के बाद तापमान बढ़ गया है तथा पूरे दिन तीखी धूप निकल रही है, जिससे खेतों की नमी तेजी से सूख रही है। निचले इलाके के फसल की स्थिति अभी ठीक है लेकिन ऊपरी इलाके की फसल बारिश की कमी से अब मुरझाने लगी है। असिंचित क्षेत्र के खेतों में दरारें पड़नी शुरू हो गई हैं और फसल पीली पड़ गई है. फसल की स्थिति देख किसानों की चिंता बढ़ गई है. किसान सूख रही धान की फसल को बचाने की जद्दोजहद कर रहे हैं. दो-चार दिन के भीतर अच्छी वर्षा नहीं हुई तो धान की फसल को बचाना मुश्किल होगा. बारिश के अभाव में अन्य जलश्रोत भी सूखे पड़े हैं। सरगुजा जिले के विकासखण्ड सीतापुर, बतौली, मैनपाट में अपेक्षाकृत अधिक वर्षा होने के कारण अभी धान की स्थिति ठीक है। अन्य क्षेत्रों में निचले इलाके की फसल तीन-चार दिनों में सूखने की कगार पर पहुंच जाएगी, जबकि ऊपरी इलाके की फसल पर मौसम का प्रभाव शुरू हो गया है। सरगुजा में अगस्त तक औसत 1250 मिमी वर्षा होती है लेकिन इस बार अब तक मात्र 681.0 मिमी वर्षा हुई है। सितंबर महीने में मानसून वापसी का क्रम प्रारंभ हो जाता है। वैसे भी सितम्बर में कम वर्षा होती है. सरगुजा में अभी तक औसत से लगभग आधी वर्षा हुई है। इस दौरान भारी वर्षा होने के कारण अधिकांश पानी निचले इलाकों की ओर बह गया तथा ऊपरी इलाके के खेतों की प्यास नहीं बुझा सकी। बचे समय में बारिश की पूर्ति होगी या नहीं इसको लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है. कई बार मानसून की वापसी के दौरान भी अच्छी वर्षा होती है। ऐसे में सितम्बर में पर्याप्त बारिश हुई तो धान की फसल समल जाएगी अन्यथा कृषकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विज्ञानी सितम्बर के प्रारंभ में बंगाल की खाड़ी में हलचल होने एवं दो-तीन दिन के भीतर वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। औसत से आधी वर्षा होने के कारण न तो अब तक भूजल के स्तर में सुधार हुआ है न ही पारंपरिक जल स्त्रोतों में ही पानी भरा है। मध्यम सिंचाई परियोजनाओं को छोड़ दें तो गांव-गांव में बने अधिकांश जलाशय सूखे पड़े हैं. ग्रामीण जन जीवन के नियंत्रण का मुख्य स्त्रोत कुएं व तालाब सूखे पड़े हैं. ऐसे में किसान सूखे खेतों की सिंचाई के लिए तरस रहे हैं। जल स्त्रोतों की स्थिति देख ग्रामीणों को भविष्य में होने वाले जल संकट की भी चिंता सता रही है।

एशिया कप-विश्व कप से पहले परखने का मौका

नितेश छाबड़ा

अब बात करते है वर्तमान की। देखा जाए तो फिलहाल बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान की टीम पहले की तुलना में काफी संतुलित है। पाकिस्तान फिलहाल एकदिवसीय रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज़ है। पाकिस्तान के पास फखर जमान, ईमाम उल हक, बाबर आजम, रिजवान मोहम्मद, आगा सलमान और इफ्तिखार खान की तगड़ी बैटिंग लाइनअप है। शादाब खान और मोहम्मद नवाज अच्छे स्पिनर हैं और जरूरत पड़ने पर तेज बल्लेबाजी कर सकते हैं। तेज गेंदबाजी हमेशा पाकिस्तान की ताकत रही है। इस बार भी शाहीन आफरीदी, नसीम शाह और हैरिस रऊफकी खतरनाक तिकड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर सकती है। ज़ाहिर है कि पाकिस्तान से पार पाने के लिए भारत की बैटिंग लाइन को भगीरथ प्रयास करना होगा। इस बार सबकी नजरें शुभमन गिल,विराट और रोहित पर टिकी होंगी। हार्दिक और जडेजा से आल राउंड प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। कोई अनहोनी न हुई तो इस बार फाइनल मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच होगा। फिलहाल तो कागजों पर भारत की बैटिंग काफी ताकतवर नज़र आ रही है। मैदान पर अगर यह लाइन क्लिक कर जाती है तो पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी को ध्वस्त करने में ज़्यादा दिक्कत नहीं होगी। भारतीय टीम यदि खिताब लेकर लौटती है तो आने वाले विश्व कप के लिए मनोवैज्ञानिक लाभ भारत के पक्ष में जाएगा।

बुधवार को एशिया कप के सोलहवें संस्करण का आगाज़ हो चुका है। यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल के तहत पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जा रहा है। हालांकि इसका मुख्य मेज़बान पाकिस्तान ही होगा, मगर भारत ने चूँकि पाकिस्तान में खेलने से इंकार कर दिया है, इसलिए भारतीय टीम अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगी। इसका फाइनल मैच भी श्रीलंका में ही खेला जाएगा। अभी तक एशिया कप की 15 स्पर्धाएं खेली जा चुकी हैं। सर्वाधिक सफल टीम भारत ने 7 बार इसके खिताब पर कब्जा किया है। श्रीलंका ने 6 बार खिताब जीता है।

पाकिस्तान की टीम सिर्फ दो बार इसे जीत पाई है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह भी है कि अभी तक इस टूर्नामेंट के फाइनल में भारत और पाकिस्तान का एक बार भी सामना नही हुआ है। क्या इस बार ऐसा होगा? इसका उत्तर हमें इस महीने के दूसरे पखवाड़े में मिलेगा, पर यह फाइनल देखना रोमांचक के साथ काफी दिलचस्प भी होगा। इसलिए भी कि कागज़ पर यही दोनों टीमें बाकी टीमो की अपेक्षा मजबूत नजर आ रही हैं। नेपाल की टीम पहली बार इस टूर्नामेंट में खेलेगी। भारतीय उपमहाद्वीप की बाकी पांचों टीमों--भारत पाकिस्तान श्रीलंका बांग्लादेश और अफगानिस्तान-- के लिए विश्वकप से पहले अपनी तैयारियों को परखने और कमियों को जानने का आखिरी और सुनहरा मौका होगा।

विश्व कप के लिए सही टीम संतुलन को देखते हुए टीम इंडिया के लिए यह टूर्नामेंट बहुत ही महत्वपूर्ण है। खासकर ऐसे वक्त में जब पिछले कुछ महीनों से एकदिवसीय फार्मेट में टीम बिल्कुल रंग में नजर नही आ रही है। खिलाड़ियों को पर्याप्त प्रैक्टिस का मौका भी नहीं मिला है। देखा जा रहा है कि भारतीय टीम सही संयोजन के साथ नहीं खेल पाई है। एशिया कप के लिए चयनकर्ताओं ने 17 खिलाड़ियों के साथ एक रिज़र्व खिलाड़ी संजू सैमसन को चुना है। के एल राहुल, श्रेयस अय्यर और जसप्रीत बुमराह की टीम में वापसी हुई है। हालांकि बुमराह इससे पहले आयरलैंड में हुई टी20 सीरीज में कप्तान की भूमिका में वापसी कर चुके हैं, पर वहां उन्हें पर्याप्त गेंदबाजी का मौका नही मिला है। के एल

राहुल की बात की जाए, तो वे एशिया कप के पहले दो मैचों में उपलब्ध नही रहेंगे। उनके बारे में यही बताया गया है कि वे हल्के चोटिल हैं और 5 सितंबर तक ही फिट हो पाएंगे। इसी दिन बोर्ड को विश्व कप के लिए 15 खिलाड़ियो के नाम देने हैं, जिसे 27 सितंबर तक बदला जा सकता है।

अब बात टीम कॉम्बिनेशन की....

के एल राहुल के उपलब्ध न होने पर ईशान किशन विकेटकीपर के रोल में होंगे। यह टीम के लिए माथापच्ची का विषय होगा कि किशन को पांचवे नंबर पर बल्लेबाजी में उतारा जाए या सलामी बल्लेबाज के तौर पर। अभी तक तो किशन सलामी बल्लेबाज के तौर पर ही सफल नजर आए हैं। टीम मैनेजमेंट अगर ऐसा करता है, तो रोहित के साथ किशन ओपनर होंगे। इसके बाद गिल को तीसरे नंबर पर और कोहली को चौथे नंबर पर उतारा जा सकता है। कोहली की जगह के साथ छेड़छाड़ करना टीम को उल्टा भी पड़ सकता है। टीम के हित में यही होगा कि कोहली को नंबर तीन पर ही उतारा जाए। देखना होगा कि राहुल द्रविड़ और टीम मैनेजमेंट इस पर क्या निर्णय लेते हैं। इसके बाद अय्यर, हार्दिक और जडेजा उतरेंगे। आठवें नंबर पर गेंदबाजी आल राउंडर के रूप में शार्दूल और अक्षर या पिच को देखते हुए सिराज को भी लिया जा सकता है। वैसे शार्दूल को इस पोजीशन के लिए फेवरेट माना जा रहा है। बॉलिंग लाइनअप में कुलदीप, शमी और बुमराह मुख्य गेंदबाज होंगे। भारतीय टीम इसी संयोजन के साथ उतरना चाहेगी, जिसमें आठवें नंबर तक टीम को बल्लेबाजी का कवर मिल सके। टीम मैनेजमेंट को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जो सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग 11 विश्व कप के लिए हो सकती है,उन्हें पर्याप्त मैच प्रैक्टिस का मौका मिले।

चार वर्षों बाद भारत-पाकिस्तान का वन डे मैच

2019 विश्व के बाद यह पहला मौका होगा, जब भारत और पाकिस्तान के बीच कोई एकदिवसीय मैच खेला जाएगा। इस बीच दोनों टीमें 4 दफा टी20 मैचों में टकरा चुकी हैं, जिसमें स्कोर लाइन 2-2 रही है। एकदिवसीय मैचों की बात की जाए, तो टीम इंडिया ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले तीनों वनडे मैच अपने नाम किए हैं। एशिया कप में दोनों टीमों के आपसी रिकॉर्ड की बात की जाए तो यहां भी पलड़ा टीम इंडिया का ही भारी रहा है। 17 मैचों में टीम इंडिया को 9 मैचों में जीत मिली है। पाकिस्तान ने 6 मैच जीते हैं जबकि 2 मैच अनिर्णीत रहे हैं। यह हुई इतिहास की बात।

अब बात करते है वर्तमान की। देखा जाए तो फिलहाल बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान की टीम पहले की तुलना में काफी संतुलित है। पाकिस्तान फिलहाल एकदिवसीय रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज़ है। पाकिस्तान के पास फखर जमान, ईमाम उल हक, बाबर आजम, रिजवान मोहम्मद, आगा सलमान और इफ्तिखार खान की तगड़ी बैटिंग लाइनअप है। शादाब खान और मोहम्मद नवाज अच्छे स्पिनर हैं और जरूरत पड़ने पर तेज बल्लेबाजी कर सकते हैं। तेज गेंदबाजी हमेशा पाकिस्तान की ताकत रही है। इस बार भी शाहीन आफरीदी, नसीम शाह और हैरिस रऊफकी खतरनाक तिकड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर सकती है।

ज़ाहिर है कि पाकिस्तान से पार पाने के लिए भारत की बैटिंग लाइन को भगीरथ प्रयास करना होगा। इस बार सबकी नजरें शुभमन गिल,विराट और रोहित पर टिकी होंगी। हार्दिक और जडेजा से आल राउंड प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। कोई अनहोनी न हुई तो इस बार फाइनल मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच होगा। फिलहाल तो कागजों पर भारत की बैटिंग काफी ताकतवर नज़र आ रही है। मैदान पर अगर यह लाइन क्लिक कर जाती है तो पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी को ध्वस्त करने में ज़्यादा दिक्कत नहीं होगी। भारतीय टीम यदि खिताब लेकर लौटती है तो आने वाले विश्व कप के लिए मनोवैज्ञानिक लाभ भारत के पक्ष में जाएगा।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तिरिछी नजर कर, छवि देख श्याम

तिरिछी नजर कर, छवि देख श्याम वर, भानु की दुलारी लागैं, मनहूँ लजावही। आगे-पीछे हेर-हेर, लुक-छुप रहे टेर, हियरा प्रतीतिया को, दोनहूँ निभावही। लगैं इक श्याम-राधा, कोऊ कम नाहि ज्यादा, दोनहूँ सुबोल नीके, सबहिं सुहावही। देखि ऐसी छवि प्यारी, गोकुल कै नर-नारी, करि कै इशारा ईक दूजे को बुलावही। **अंशु विनोद गुप्ता**

चेहरे से उड़ती हवाइयां तब गैस निकल

चेहरे से उड़ती हवाइयां तब गैस निकल जाती है दाम होता गैस का कम जब जनता नाराज हो जाती है बस यूं जी नाराज होते रहना फिर पेट्रोल के दाम भी गिरेंगे जिनको लग गई कुर्सी की लत वो कुर्सी बिन कैसे जियेंगे सरकार देती थोड़ा बहुत उससे ज्यादा ले जाती है सब कुछ अपना लुटाने के बाद बात जनता को समझ ये आती हैं। **संत आर थवाईत**

खास पाती | जब सारे दरवाजे बंद हो जाते

जब सारे दरवाजे बंद हो जाते है तब खुल जाती है कुछ खिड़कियां खिड़की धैर्य की खिड़की आस की खिड़की विश्वास की खिड़की मौन की खिड़की उम्मीद की खिड़की आत्ममंथन की खिड़की चिन्तन की खिड़की कंद्रन की खिड़की वंदन की दरवाजे बंद हो जाने से हर बार नहीं हुआ करता है अंधेरा, कुछ खिड़कियां होती है जो मन की लौ को कभी बुझने नही देती है !! **रूबी प्रसाद**

पिछले कुछ वर्षों से प्रायः यह

पिछले कुछ वर्षों से प्रायः यह देखने में आ रहा है, कि हिन्दुओं का हर त्यौहार की 2-2 तिथियाँ बताई जा रही है जिससे लोग परेशान हो जाते है, और हम लोगों की इस पा आस्था कम होती जा रही है। हम लोगों का निवेदन है, कि वर्ष में कम से कम एक बार हमारे सभी शंकाचार्य, महा मंडलेश्वर और धर्म प्रमुख बुद्धजन बैठकर आपसी सहमति से ग्रह-नक्षत्रों को दृष्टिगत रखते हुए एक ही तिथि निर्धारित करें तो बहुत ही उत्तम होगा। **ज्योति शर्मा**

सदियों से आशिक़ी में हिज्र के

सदियों से आशिक़ी में हिज्र के मारे आंसू, बेवजह हंसते हुए बहते हैं सारे आंसू। प्यार में हश्र मेरा देख ,दुःखी हो कर वे,प्यार ना करना लगाने लगे नारे आंसू। मैं किनारों की दुआएं नहीं लेता यारों, ज़िन्दगी लहरों में दिन रात गुज़ारे आंसू। पसरा है ज़िन्दगी मे बेश अंधेरा लेकिन, रौशनी के लिए सब बन गए, तारे आंसू। हर समय रोते हैं जो दानी उन्हें समझाने, हर दुखी वक़्त को भी ,हंस के गुज़ारे आंसू। लैला मजनूँ की कथा गो दुखी करती सबको,आग इक और लगा देंगे हमारे आंसू। आंसुओं को न मिला उनका सहारा तो फिर, निकले आंखों से अगर दिल के सहारे आंसू। **डॉ संजय दानी**

नहीं रहे भावों के अब वो

नहीं रहे भावों के अब वो सैलाब रिश्तों में नहीं भरते हैं अब वो खुशियों के तालाब किश्तों में किसी को किसी की पड़ी ही नही है बू अहम की भर गई नायाब रिश्तों में। **मधुलिका शुक्ला**

खुश नसीबों को यहाँ मिलता

खुश नसीबों को यहाँ मिलता बहन का प्यार है दूर हर संकट रहे रक्षा कवच आधार है पर्व राखी का मनाने आ गई बहने सभी है बहुत पावन ये' रक्षा सूत्र का त्यौहार है । **संजय कुमार गिरि**

कोरें भीगी अश्क ठहरे हुए हैं

कोरें भीगी अश्क ठहरे हुए हैं, जख्म अभी भरे नहीं घाव गहरे हुए हैं। दिल में रखते हैं दर्द जमाने के, बयां किसी से करते नहीं हैं। सर उठा कर चल रहे हैं तो शिकायत है लोगों को। जुल्म इतने सहकर भी हम, मुंह से उफ़ करते नहीं हैं। नसीहतें देता है रोज जमाना हमें, अनसुनी करते हैं कुछ कहते नहीं हैं। जिसको मानते हैं दिल से अपना, औपचारिकताएं जरा भी करते नहीं है। जो हैं जैसे हैं सामने है हम दिल में कुछ मुंह पर कुछ ये करते नहीं हैं। कोई बेशक तोड़दे रिश्ता मंजूर है, मतलबी लोगों से रिश्ता रखते नहीं हैं। **रश्मि ठाकुर**

शराफ़त में नज़ाकत से अदावत

शराफ़त में नज़ाकत से अदावत कौन रखता है मुहब्बत में बगावत से अदावत कौन रखता है मेरा इक यार ऐसा है गिले रखता है किस्मत से वफ़ा में यार किस्मत से अदावत कौन रखता है बड़े मसरूफ़ रहने का ये अच्छा ढोंग है उनका ज़रूरत में ज़रूरत से अदावत कौन रखता है दिखावे के ज़माने में सभी मशगूल हैं इतने हक़ीक़त में हक़ीक़त से अदावत कौन रखता है कभी खोने से डरते हो कभी दामन छुड़ाते खुद इबादत में इबादत से अदावत कौन रखता है। **दिनेश भोपाली**

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। आज ही के दिन ब्रिटेन के राजा जेम्स प्रथम ने 1621 में सर एलेक्जेंडर स्टरलिंग को नोवा स्कॉशिया उपनिपेशीकरण का अधिकार पत्र दिया था। नीदरलैंड के जॉन और निकोल्स वान डर हेडेन ने 1677 में आज ही के दिन अग्निशामक यंत्र के लिए पेटेंट हासिल किया था। अमेरिका का पहली बार दैनिक अखबार (पेनसिलवेनिया पैकेट एंड जनरल एडवरटाइजर) 1784 में छापापालघाट ने 1790 में जनरल मेडोव के नेतृत्व में ब्रिटिश टुकड़ी के समक्ष 60 बंदूकों के साथ आत्मसमर्पण किया। किंग विलियम प्रथम ने 1815 को ब्रुसेल्स में शपथ लीबहादुर शाह द्वितीय ने 1857 में अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। नीदरलैंड के लोगों ने 1885 को चुनावों में मतदान के अधिकार के लिये प्रदर्शन किया। 'अटलांटा लाइफ इंश्योरेंस' कंपनी 1905 को गठित हुई'माय विकली रीडर' मैगज़ीन की शुरुआत 1928 में हुई। चक्रवाती तूफान (183 मील प्रति घंटे की रफ्तार) से 1938 को न्यू इंगलैंड में 700 लोगों की मौतनाज़ियों ने 1942 को यूक्रेन, डुनेवट्सी में 2588 यहूदियों की हत्या कीबोइंग बी-29 सुपरफोट्रेस ने 1942 को अपनी पहली उड़ान भरी।

QUIZ TIME

1) सुपर कंप्यूटर मैजिक क्यूब किस देश ने बनाया है?

2) दिल्ली सल्तनत के किस सुल्तान ने आत्मकथा लिखी थी?

3) विश्व की कौन-सी नदी भूमध्य रेखा को दो बार पार करती है?

4) सरकार द्वारा नवरत्न एवं मिनीरत्न योजना किस वर्ष प्रारम्भ की गई थी?

5) 105 साल में पहली बार महिला चेयरमैन किसे नियुक्त किया जाएगा?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) चीन (2) फिरोजशाह तुगलक (3) कांगो नदी (4) 1997 (5) जया बच्चन सिंह

राशिफल

मेष- आज की परिस्थितियां पहले से अधिक ख़राब रहने वाली है। नौकरी-व्यवसाय में छोटी गलती के कारण बड़ा नुकसान हो सकता है।

वृष-आज के दिन आप अति ईर्ष्यालु प्रवृति से ग्रसित रहेंगे। इस कारण घर एवं बाहर का वातावरण असामान्य बनेगा।

मिथुन-आज का दिन सरकारी कार्यो के लिए विशेष लाभदायक रहेगा किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता अथवा रुके कार्य आज अवश्य ही आगे बढ़ेंगे।

कर्क-आज आपको कार्य क्षेत्र पर कई व्यवधानों का सामना करना पड़ सकता है परन्तु आत्मविश्वास बनाये रखें सोची योजनाएं अवश्य पूरी होंगी।

सिंह-आज का दिन थोड़ा उठा पटक वाला रहेगा। सेहत प्रातः काल से नरम रहेगी मन अकारण ही अशांत रहेगा।

कन्या-आज के दिन आप जोड़-तोड़ की नीति अपनायेंगे। कार्य क्षेत्र पर भी किसी से समझौता करना पड़ सकता है।

तुला-आज के दिन भी लाभ-हानि बराबर रहेगी। किसी के ऊपर आवश्यकता से अधिक निर्भर रहना हानि करा सकता है।

वृश्चिक-आज दिन का पहला भाग अशान्त रहेगा। घरेलु समस्याओं के कारण मन विचलित बनेगा जिससे कार्यो में चाह कर भी उत्साह नहीं दिखा पाएंगे।

धनु-आज के दिन सम्मान हानि की संभावना अधिक है प्रत्येक कार्य विशेषकर सामाजिक क्षेत्र पर अत्यन्त सावधानी बरतें।

मकर-आज के दिन लाभ की संभावना बनते बनते अनिर्णय की स्थिति के कारण बिगड़ सकती है कार्यो को अधिक ध्यान से करना आवश्यक है।

कुंभ-आज आप अपने किये सभी कार्यो में संतोष रखेंगे। पारिवारिक वातावरण भी आपके निर्णयों के समर्थन में रहेगा।

मीन-आज के दिन आप अपना ध्यान आवश्यक कार्यो पर एकाग्र करने का प्रयास करें अन्यथा जहाँ लाभ होना है वहां हानि मिलेगी।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -173

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 172 का हल

ज	द्दो	जे	ह	द	■	स	पू	त
ल	■	ब	ल	वा	न	■	■	द
म	ह	क	■	खा	म	खां	■	बी
ग्न	■	त	ल	ना	■	स	फ	र
■	म	रा	■	■	■	ना	टा	■
■	हि	■	स	■	■	■	फ	न
■	ला	ज	वा	ब	■	म	ट	र
मां	■	ग	■	सं	त	ति	■	भ
■	मा	त	ह	त	■	■	प	क्षी

इनमें 11 आवारा घूमते हुए मिले; 3 की हालत गंभीर

भोपाल में लंपी वायरस के 32 केस: शहरी इलाके में मिले सभी संक्रमित गोवंश

भोपाल/नवप्रदेश। राजधानी भोपाल में लंपी वायरस का खतरा बढ़ता जा रहा है। पिछले 7 दिन में शहर के अलग-अलग इलाकों से लंपी वायरस के कुल 32 गोवंश मिल चुके हैं। इनमें से 11 गोवंश स?क पर आवारा घूमते हुए मिले हैं। जिन्हें अब पक?कर जहांगीराबाद के पशु आश्रय स्थल में रखा गया है, जबकि बाकी गोवंश पशु मालिकों के पास ही है। संक्रमित गोवंश को स्वस्थ्य पशुओं से दूर रखने को कहा गया है। ताकि, लंपी का संक्रमण न फैले।

दो से तीन संक्रमित गोवंश की हालत गंभीर है। पशु चिकित्सा विभाग के अफसरों का कहना है कि सात दिन तक संक्रमित पशुओं को क्वारेंटाइन में रखा जाता है। इसके बाद वे रिकवर हो जाते हैं।

शहर के इन इलाकों में मिले संक्रमित गोवंश

सभी संक्रमित गोवंश शहरी इलाके से मिले हैं। इनमें स?कों पर घूमने और पालतू गोवंश दोनों तरह के हैं। पशु चिकित्सा सेवा के उप संचालक डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि, सभी 32 गोवंश शहरी क्षेत्र से हैं। गांधीनगर, छोला, करोंद, माता मंदिर, हथाईखे?ा, भदभदा समेत कई जगहों से संक्रमित गोवंश ट्रेस किए गए हैं। जिले के ग्रामीण इलाके या फिर बैरसिया में अभी एक भी केस नहीं मिला है।

संक्रमित गोवंश दो तरह से क्वारेंटाइन

शहर की स?कों पर आवारा घूमने वाले संक्रमित 11 गोवंश को जहांगीराबाद स्थित आसरा पशु आश्रय स्थल में क्वारेंटाइन रखा गया है। इनमें 6 बछ? शामिल हैं। आसरा पशु आश्रय स्थल की नोडल अधिकारी डॉ. सुनीला सरन ने बताया, नगर निगम ने लंपी वायरस से संक्रमित 11 गोवंश को इलाज के लिए भर्ती कराया है। इन संक्रमित गोवंश को सामान्य पशुओं से अलग रखा गया है। इन्हें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-बायटिक दवाइयां दी जा रही हैं।

पालतू गोवंश की सुरक्षा और देखभाल समेत इलाज खुद पशु पालक करते हैं। इनके 21 गोवंश में लंपी वायरस का असर देखने को मिला है। उप संचालक डॉ. रामटेके ने बताया कि, पालतू संक्रमित पशुओं को मालिकों के पास ही क्वारेंटाइन में रखा गया है। दूसरी ओर शहर में गोवंश को टीके भी लगाए जा रहे हैं।

लैब में होती है टेस्टिंग

पशुओं में लंपी वायरस की जांच को लेकर डॉ. सरन ने बताया, पशुओं के ब्लड सैंपल को लैब में भेजा जाता है। 2 से 3 दिन में सैंपल की रिपोर्ट आती है। जिन पशुओं की रिपोर्ट पॉजिटिव है उन्हें क्वारेंटाइन करके इलाज शुरू कर दिया जाता है।

संपर्क से फैलता है वायरस

डॉ. सरन ने बताया कि, लंपी वायरस पशुओं में एक-दूसरे से संपर्क में आने से फैलता है। यही कारण है कि संक्रमित और स्वस्थ्य गोवंश को अलग-अलग रखा जाता है।

इंसानों में नहीं फैलती यह बीमारी

लंपी संक्रमित जानवरों में कई तरह के लक्षण दिखते हैं। इस वायरस से ग्रस्त जानवरों को बुखार आता है। वह सुस्त हो जाते हैं। पैरों में सूजन आ जाती है। मुंह से लगातार लार निकलने लगती है। शरीर में लाल गठानें हो जाती हैं। पूरे शरीर में छेद दिखने लगते हैं। जानवरों का दूध या तो कम हो जाता है या वे दूध देना बंद कर देते हैं। ये बीमारी एक मक्खी, मच्छर से दूसरे जानवर तक फैलती है, लेकिन यह बीमारी इंसानों में नहीं फैलती।

होम्योपैथी अस्पताल में 125 से अधिक सोरायसिस मरीजों का सफल इलाज

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के सरकारी होम्योपैथी चिकित्सालय में पिछले 2 वर्षों में 125 से अधिक मरीजों का सोरायसिस बीमारी का सफल इलाज किया गया है। सोरायसिस त्वचा की गंभीर बीमारी मानी जाती है। होम्योपैथी अस्पताल में सोरायसिस बीमारी के मरीजों का उचित रूप से परीक्षण कर एक निश्चित विधि से बीमारी का जड़ से इलाज किया जाता है। सोरायसिस में त्वचा पर लाल चकते उभर आते हैं, उस पर सफेद पर्त सी जम जाती है। यह बीमारी पीड़ित व्यक्ति को मानसिक तनाव झेलने के लिये मजबूर कर देती है। सोरायसिस इकाई की प्रमुख होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. जूही गुप्ता ने बताया कि सोरायसिस से दुनियाभर में लाखों लोग प्रभावित हैं। होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति सोरायसिस बीमारी के लक्षणों का बारीकी से अध्ययन करती है। साथ ही प्रत्येक मरीज की शारीरिक एवं मानसिक अवस्था बीमारी से कैसे प्रभावित हो रही है, इस पर पूरा ध्यान देती

भोपाल की करोंद मंडी 4 सितंबर से बंद रहेगी: मंडी फीस 1 प्रतिशत करने की मांग

मंडी बोर्ड के जांच दलों पर रोक लगे

भोपाल/नवप्रदेश। राजधानी भोपाल की करोंद अनाज मंडी 4 सितंबर से अनिश्चितकालीन बंद रहेगी। मंडी के व्यापारी इस दिन अनाज की खरीदी नहीं करेंगे। मंडी फीस 1 प्रतिशत करने समेत 11 मांगों को लेकर यह बंद रहेगा। मध्यप्रदेश की अन्य मंडियां अनिश्चितकालीन के लिए बंद रखी जाएगी।

भोपाल ग्रेन एंड ऑयल सीड्स मर्चेंट्स एसोसिएशन ने मंडी बंद रखने का निर्णय लिया है। इसके एक दिन पहले रविवार को भी मंडी बंद रहेगी। मांगें नहीं होने पर मंडी लगातार बंद रह सकती है।

इन मांगों को लेकर बंद रखेंगे कारोबार

मंडी समितियों में पूर्व से आवंटित भूमि या संरचनाओं पर भूमि एवं संवरचना आवंटन नियम-2009 लागू नहीं किया जाए। कलेक्टर गाइडलाइन से लीज दरों का निर्धारण नहीं रखकर नामिनल दरें रखी जाए।

मंडी फीस दर एक प्रतिशत की जाए।

निराश्रित शुल्क समाप्त किया जाए।

मंडी अधिनियम की धारा 19(2), धारा 19(8), धारा 46(ड) एवं धारा 46(च) में संशोधन-2 विलोपन किया जाए।

लाइसेंस प्रतिभूति की अनिवार्यता हटाई जाए।

वाणिज्य संव्यवहार की पृथक अनुज्ञप्ति व्यवस्था एवं निर्धारण फीस रुपए 25 हजार रुपए की वृद्धि समाप्त कर पूर्व फीस 5 हजार रुपए बहाल की जाए।

मंडी समितियों को धारा 17(2)(14) और 30 में प्रदत्त अधिकारी एवं शक्तियों को यथावत रखा जाए।

लेखा सत्यापन/पुन- लेखा सत्यापन की कार्रवाई खत्म की जाए।

एम.एस.एम.ई. के 18 करोड़ से अधिक के प्रकरणों पर फेसिलिटेशन काउंसिल ने की सुनवाई : नरहरि

छ.ग. ने समक्ष में समझा फेसिलिटेशन काउंसिल की कार्य-प्रणाली को

भोपाल/नवप्रदेश। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लंबित भुगतान संबंधी विवादों के निराकरण के लिए गठित फेसिलिटेशन काउंसिल के अध्यक्ष एवं उद्योग आयुक्त श्री पी. नरहरि ने 31 प्रकरणों की सुनवाई कर निराकरण किया। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को वित्तीय संकट से उबारने के उद्देश्य से भुगतान संबंधी विवादों के निराकरण के लिए काउंसिल का गठन किया गया है। शुक्रवार को हुई बैठक में काऊंसिल की कार्य-प्रणाली को समझने के लिए छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधि-मंडल भी उपस्थित रहा। काउंसिल के अन्य सदस्य श्री डी.डी.गजभिए, श्री चंद्र मोहन, श्री राजेश मिश्रा एवं महेश गुप्ता भी उपस्थित थे।

छ.ग. ने भी समझी कार्य-प्रणाली

अब तक मध्यप्रदेश में फेसिलिटेशन की पारदर्शी कार्य-प्रणाली को समझकर चार राज्य राजस्थान, हरियाणा, उत्तरप्रदेश तथा गुजरात ने अपने-अपने यहाँ इसे लागू किया है। इसके साथ ही 5वें राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ शासन का प्रतिनिधि-मंडल भी आज की सुनवाई में समक्ष में उपस्थित रहा। प्रतिनिधि-मंडल में सर्वश्री संजय गजघाटे, राकेश चौरसिया, सुश्री विद्या भंडारी एवं सुश्री प्रेरणा अग्रवाल शामिल थे।

18 करोड़ से अधिक के विवादों पर की सुनवाई

काउंसिल के समक्ष 31 प्रकरण प्रस्तुत किए गए। आवेदकों के 18 करोड़ 83 लाख 56 हजार 969 रूपये के प्रकरणों पर सुनवाई की गई जिसमें मूल राशि 7 करोड़ 7 लाख 92 हजार 641 रूपये थी जिस पर 10 करोड़ 83 लाख 56 हजार 969 रूपये ब्याज के रूप में दावा किया गया। सुनवाई में प्रत्येक प्रकरण पर समक्ष में चर्चा की गई। कई प्रकरणों में अंतिम सुनवाई का निर्णय लिया गया। काउंसिल अध्यक्ष श्री नरहरि ने बताया कि काउंसिल में रूटीन सुनवाई न होकर अधिकतम 90 दिन में आपसी सहमति से निर्णय नहीं हो पाते तो दोनों पक्षों को सुनकर विवाद का निराकरण कर दिया जाता है। उद्योग आयुक्त एवं ईएमएसएमई विभाग के सचिव इस फेसिलिटेशन काउंसिल के अध्यक्ष हैं। इसमें 2 शासकीय तथा 2 अशासकीय सदस्य हैं। काउंसिल की हर माह दो बैठकें होती हैं। फेसिलिटेशन काउंसिल में सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमों के लंबित भुगतान के प्रकरण दायर होते हैं, तय तारीख पर सुनवाई होती है। प्रकरणों के लिए न ही कोई आवेदन शुल्क और न ही कोई फीस ली जाती है।

कुछ सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़वा सकती है भाजपा, कुछ टिकट की दौड़ में भी?

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश में आसन्न विधानसभा चुनाव में कुछ लोकसभा सदस्य भी अपना भाग्य आजमाना चाहते हैं तो कुछ को पार्टी चुनाव लड़वाने की तैयारी कर रही है। पार्टी सूत्रों का मानना है कि लगभग आठ सांसद ऐसे हैं जिन्हें सीधे चुनावी अखाड़े में उतारने पर विचार किया जा रहा है। वहीं चार- पांच सांसद खुद ही विधानसभा चुनाव की टिकट की दौड़ में हैं। ऐसा प्रयोग भाजपा ने पहले भी किया था। तब सरताज सिंह, नीता पटेरिया, रामकृष्ण कुसमारिया को विधानसभा चुनाव लड़वाया गया था और ये सभी तत्कालीन सांसद विधानसभा चुनाव जीत गए थे। फिलहाल पार्टी जिन सांसदों को विधानसभा में लाना चाहती है उनमें

विवेक शेजवलकर, संध्या राय, हिमाद्री सिंह, रीति पाठक, राव उदय प्रताप सिंह, गणेश सिंह, गजेंद्र पटेल और रोडमल नागर जैसे नाम हैं। विधानसभा चुनाव की टिकट की दौड़ में सांसद शंकर लालवानी, सुधीर गुप्ता और अनिल फिरौजिया शामिल हैं। सांसदों की रुचि विधायक बनने में इसलिए भी रहती है क्योंकि पहले कुछ सांसद विधानसभा चुनाव जीतकर मंत्री बन चुके हैं। कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामने वाले होशंगाबाद लोकसभा सीट से चुनाव जीतने वाले राव उदय प्रताप सिंह भी अब विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं। सिंह 2014 के पहले भाजपा में शामिल हुए थे। पहले उनकी रुचि सिवनी मालवा या होशंगाबाद सीट पर थी लेकिन अब पार्टी उन्हें तेंदूखेड़ा से कांग्रेस के बाहुबली विधायक संजय शर्मा के विरुद्ध विधानसभा चुनाव लड़ाने पर विचार कर रही है। राजगढ़ सांसद रोडमल नागर को भी दिग्विजय सिंह के बेटे जयवर्धन सिंह की घेराबंदी के लिए विधानसभा चुनाव लड़वाया जा सकता है। जीत की संभावना और आरक्षित सीटों को साधने का गणित ग्वालियर से महापौर रहे और अब सांसद विवेक शेजवलकर का नाम भी ग्वालियर दक्षिण विधानसभा सीट के सर्वे में आया है। संध्या राय भिंड से सांसद हैं, पहले वे विधानसभा सदस्य रह चुकी हैं। एससी सीट से संध्या को चुनाव लड़वाया जा सकता है। हिमाद्री सिंह शहडोल सांसद हैं, उनको एसटी सीट से विधानसभा का प्रत्याशी बनाया जा सकता है। सतना सांसद गणेश सिंह को भी सतना जिले की ओबीसी बहुल सीट और गजेंद्र पटेल को खरगोन की सुरक्षित सीट से प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी मंथन कर रही है। इधर, उज्जैन सांसद अनिल फिरौजिया ने भी विधानसभा में लौटने की इच्छा जताई है। इंदौर सांसद शंकर लालवानी इंदौर क्षेत्र क्र.-चार से टिकट चाह रहे हैं। यहां मालिनी गौड़ विधायक हैं। सांसदों के विधायक बनने का पुराना इतिहास वर्ष 2008 के विधानसभा चुनाव में सांसद रहे सरताज सिंह और रामकृष्ण कुसमारिया विधानसभा चुनाव जीतकर मंत्री बन गए थे।

सार संक्षिप्त

अस्थाई कनेक्शन लेकर ही झाँकी-पंडाल की सज्जा करें : ऊर्जा मंत्री तोमर

भोपाल/नवप्रदेश। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि गणेशोत्सव तथा अन्य त्यौहारों में पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए विद्युत वितरण कंपनी ने माकूल प्रबंध किए हैं। मंत्री श्री तोमर ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे गणेशोत्सव के दौरान धार्मिक पण्डालों एवं झाँकियों में बिजली साज-सज्जा, नियमानुसार ऑनलाइन अस्थाई कनेक्शन लेकर ही करें।

अस्थाई कनेक्शन लेने हेतु क्या करें

कंपनी के निकटतम जोन कार्यालय/वितरण केन्द्र में निर्धारित प्रपत्र में सही, संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए अस्थायी कनेक्शन के लिये आवेदन करें। बिजली कंपनी के portal.mpcz.in पर भी अस्थाई कनेक्शन के लिए आवेदन किया जा सकता है। लायसेंसी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट आवेदन में संलग्न करें एवं वायरिंग इत्यादि लायसेंसधारी विद्युत ठेकेदार से ही करवाएँ। आवेदन में दर्शाए विद्युत भार के अनुरूप सुरक्षा निधि एवं अनुमानित विद्युत उपभोग की राशि अग्रिम जमा कराकर बिजली कंपनी से अस्थाई कनेक्शन की रसीद अवश्य लें। रसीद की लेमिनेटेड प्रति अनिवार्य रूप से पंडाल/झाँकी के सामने लगाएँ। आवेदित विद्युत भार से अधिक भार का उपयोग विद्युत साज-सज्जा के लिए न करें। विद्युत कनेक्शन मीटरीकृत होगा एवं विद्युत देयक की बिलिंग नियमानुसार अस्थायी कनेक्शन के लिये लागू घरेलू दर पर की जाएगी। झाँकियों के निर्माण एवं विद्युत साज-सज्जा में सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। अनाधिकृत तरीके से विद्युत उपयोग न करें।

अस्थाई कनेक्शन न लेने से होने वाले नुकसान

अधिक भार से ट्रांसफार्मर के जलने की संभावना तथा दुर्घटना की आशंका।

पारेषण एव वितरण प्रणाली पर विपरीत असर होने से अंधेरे की संभावना।

अनधिकृत विद्युत उपयोग करने पर इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 के तहत उपयोगकर्ता एवं संबंधित विद्युत ठेकेदार से कार्य कराया गया है, उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही।

अनाधिकृत विद्युत उपयोग की दशा में संबंधित विद्युत ठेकेदार के लायसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही।

मध्य प्रदेश में फिर सक्रिय होगा मानसून, इन तीन संभागों के जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार

भोपाल/नवप्रदेश। मानसून द्रोणिका के दोनों छोर वर्तमान में हिमालय की तलहटी में बने हुए हैं। इस वजह से मानसून शिथिल बना हुआ है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर मौसम प्रणालियां सक्रिय होने लगी हैं। बंगाल की खाड़ी में भी तीन सितंबर को हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बनने जा रहा है, जो चार सितंबर को कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित हो सकता है। उसके प्रभाव से चार सितंबर से मध्य प्रदेश में रुक-रुककर वर्षा का सिलसिला शुरू होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि तीन सितंबर को उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बनने जा रहा है। अगले दिन इस मौसम प्रणाली के कम दबाव के क्षेत्र में बदलने की संभावना है। इसके असर से चार सितंबर से पूर्वी मप्र एवं उससे लगे पश्चिमी मप्र के जिलों में वर्षा का सिलसिला शुरू हो सकता है। रुक-रुककर वर्षा का दौर चार-पांच दिन तक बना रह सकता है। बता दें कि मानसून की बेरूखी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

यह है आगामी पूर्वानुमान

मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी एसएन साहू ने बताया कि वर्तमान में पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे लगे बिहार पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। दक्षिणी छत्तीसगढ़ पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात मौजूद है। उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस वजह से मिल रही नमी के कारण प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर गरज-चमक के साथ छिटपुट वर्षा होने की संभावना बढ़ गई है।

राजधानी के आसपास के 10 जिलों में सूखे के आसार

कम वर्षा के कारण राजधानी भोपाल के आसपास के 10 जिलों विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, राजगढ़, गुना, अशोकनगर व सागर में सूखे के आसार नजर आ रहे हैं। इन जिलों में औसत से करीब 40 फीसद कम वर्षा हुई है। इसका असर खरीफ फसलों पर पड़ रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 30 फीसद फसल खराब होने की आशंका है।

कहां कितनी बारिश दर्ज

उधर, पिछले 24 घंटों के दौरान शुक्रवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक सागर में 33.2, भोपाल शहर में 2.1, नर्मदापुरम में 0.3 मिलीमीटर वर्षा हुई। शुक्रवार को शहडोल, नर्मदापुरम, भोपाल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ छिटपुट वर्षा हो सकती है। बता दें कि इस सीजन में एक जून से लेकर शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तक 662.0 मिमी. वर्षा हुई है, जो सामान्य वर्षा (791.7 मिमी.) की तुलना में 16 प्रतिशत कम है। प्रदेश के 25 जिलों में सामान्य से 20 से लेकर 45 प्रतिशत तक कम वर्षा हुई है।

कांग्रेस नेता के वीडियो के बाद वायरल ऑडियो को इमरती देवी ने बताया गलत, बोली-मेरा हो तो थाने जाएं

भोपाल/नवप्रदेश। टिकट को लेकर पूछे सवाल पर इमरती देवी ने कहा कि सर्वे में नाम आया और टिकट मिली तो चुनाव लडूगी। यदि टिकट नहीं मिली तो पार्टी के लिए काम करुंगी। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले डबरा से कांग्रेस विधायक सुरेश राजे के वीडियो के बाद भाजपा नेता इमरती देवी के कथित तीन ऑडियो सामने आए। अब इसको लेकर इमरती देवी ने सफाई दी है। भोपाल में मीडिया में बातचीत में इमरती देवी ने वायरल ऑडियो पर कहा कि वीडियो जिसका है, उससे पूछे। वायरल आडियो गलत है। इमरती देवी ने कहा कि यदि वायरल ऑडियो मेरा है तो थाने या पुलिस अधिकारियों के पास जाए। उन्होंने कहा कि हम दोनों अलग-अलग पार्टी के नेता है। वहीं, टिकट को लेकर पूछे सवाल पर इमरती देवी ने कहा कि सर्वे में नाम आया और टिकट मिली तो चुनाव लडूगी। यदि टिकट नहीं मिली तो पार्टी के लिए काम करुंगी। वहीं, ज्योतिरादित्य सिंधिया के बैठक में शामिल होने आने पर कहा कि सिधिंया जी हर बैठक में आते है। भारतीय जनता पार्टी के सभी नेता एक है। एक होकर विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे है

सिंचाई परियोजनाओं से किसानों को मिले पानी : कलेक्टर

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर सिन्हा ने वृहद, मध्यम एवं लघु सिंचाई योजनाओं के संबंध में चर्चा करते हुए जल भराव स्थिति की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जलाशयों में 75 प्रतिशत जल उपलब्ध है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल भी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिन्हा ने वृहद सिंचाई योजनान्तर्गत मिनीमाता बांगों परियोजना तथा केलो परियोजना के संबंध में जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि परियोजना अंतर्गत अन्य जिले के किसानों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पटेल ने आपत्ति जताते हुए कहा कि रायगढ़ जिले के किसानों को भी उक्त परियोजना से सिंचाई हेतु पानी मिलना चाहिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि वर्तमान में हो रही खण्ड वर्षा के मद्देनजर फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने ईई जल संसाधन संभाग खरसिया को निर्देशित किया कि मिनी माता बांगों परियोजना से खरसिया के किसानों को अतिशीघ्र सिंचाई हेतु केनाल के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें खेती-किसानी में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने राज्य स्तरीय अधिकारी को कॉल कर जिले में फसलों की स्थिति से अवगत कराते हुए सिंचाई हेतु जल समस्या के संबंध में चर्चा भी किए। इस दौरान विभागीय अधिकारी ने बताया कि केलो परियोजना अंतर्गत सिंचाई तथा निस्तारी हेतु तालाबों के लिए भी पानी छोड़ा जा रहा है। इसी प्रकार मध्यम सिंचाई योजनान्तर्गत जल संसाधन संभाग रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ संभाग में एक-एक योजनाएं संचालित है। इसी प्रकार लघु सिंचाई योजनान्तर्गत जल संसाधन संभाग रायगढ़ अंतर्गत 83 तथा धरमजयगढ़ संभाग अंतर्गत 43 योजनाएं संचालित की जा रही है। जिले में कुल 126 लघु सिंचाई योजनाएं संचालित है। जिस पर कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि जलाशयों की यथास्थिति अनुसार सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराया जाए।

कलेक्टर श्री सिन्हा ने जिले के जलस्तर के संबंध में जानकारी ली। जिस पर ईई पीएचई परीक्षित चौधरी ने बताया कि वर्तमान में जलस्तर बेहतर है, लेकिन बारिश में कमी होने से जलस्तर में गिरावट आ सकती है। इस दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने राम झरना के लिए कार्य योजना के संबंध में निर्देशित किया। कलेक्टर सिन्हा ने वर्तमान में फसलों की स्थिति की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि जिले के कुछ हिस्सों में वर्षा की कमी के कारण फसलों की स्थिति खराब है। जिस पर कलेक्टर श्री सिन्हा ने विभागीय अधिकारी को फसल खराब होने की स्थिति में वैकल्पिक फसलों की जानकारी देने के लिए विस्तृत कार्ययोजना अतिशीघ्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने फसलों के लिए आवश्यक खाद एवं फसलों में लगने वाले कीटों की समस्या से निपटने के लिए समय-समय पर फसलों के बचाव हेतु एडवाईजरी जारी करने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को जागरूक कर फसल नुकसान से बचाया जा सके। इस अवसर पर ईई जल संसाधन श्री एस.के.गुप्ता, ईई केलो परियोजना श्री पी.आर.फुलेकर, ईई पीएचई श्री परीक्षित चौधरी, ईई कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग मिनीमाता बांगों नहर खरसिया श्री एक्का आदि उपस्थित थे।

शिशु संरक्षण माह 29 सितम्बर तक

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिशु संरक्षण माह का आयोजन 29 सितम्बर तक किया जाएगा। इस दौरान जिले के 81 हजार 387 बच्चों को विटामिन ए तथा 76 हजार 866 बच्चों को आयरन सिरप पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल में बच्चों को विटामिन ए व आयरन सिरप पिलाकर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि विटामिन ए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ ही निमोनिया, डायरिया, रतौंधी से बचाव तथा बच्चों की शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने बताया कि शिशु संरक्षण माह के दौरान जिले के समस्त उपस्वास्थ्य केन्द्रों तथा आंगनबाड़ियों में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को प्रातः 09 बजे से शाम 04 बजे तक 09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए तथा 06 माह से 05 वर्ष के बच्चों को आयरन सिरप निर्धारित मात्रा में पिलाई जाएगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार ने बताया कि इस दौरान बच्चों का वजन लेकर ग्रोथ मॉनिटरिंग चार्ट से अति गंभीर बच्चों का चिन्हांकन कर पोषण आहर की प्रदायगी सहित संक्रमण के उपचार हेतु पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती भी किया जाएगा।

7 सितंबर तक चलेगा साक्षरता सप्ताह

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण तथा जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशन में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरबा द्वारा जिले में 01 से 07 सितंबर तक साक्षरता सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला परियोजना अधिकारी डॉ. सीमा भारद्वाज ने बताया कि साक्षरता सप्ताह के दौरान जिले के समस्त शासकीय/शासकीय महाविद्यालयों, हायर सेकेण्डरी/हाईस्कूलों में चित्रकला, भाषण, वाद-विवाद, निबंध, मेहंदी एवं रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की नई शिक्षा पर केन्द्रित योजना उल्लास-नवभारत कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप वित्त वर्ष 2022-27 के दौरान योजना के पांच घटक-बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा और सतत शिक्षा का क्रियान्वयन किया जाएगा।

हड़ताली कर्मचारियों को नोटिस

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा द्वारा छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन एवं छत्तीसगढ़ इन सर्विस डॉक्टर एसोसिएशन संघ द्वारा 21 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल में गए समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को एस्मा एक्ट के अंतर्गत तत्काल हड़ताल समाप्त कर अपनी सेवाएं देने के लिए नोटिस जारी किया गया है। स्वास्थ्य कर्मचारी सीधे तौर पर आम जनता के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं एवं उनके कार्य क्षेत्र में अनुपस्थिति के कारण कई प्रकार की स्वास्थ्यगत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त हड़ताल में डॉक्टर, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता इत्यादि लोग सम्मिलित हैं। एस्मा एक्ट के तहत जारी नोटिस के बावजूद यदि अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी ज्वाइन नहीं करते हैं तो भविष्य में होने वाली किसी भी प्रकार की कार्यवाही के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

पुलिसकर्मी पर प्राणघातक हमला, 2 गिरफ्तार

सूरजपुर/नवप्रदेश। चौकी बसदेई के पुलिसकर्मी पर ग्राम खड़गवां के लोगों के द्वारा जानलेवा हमला करने के मामले में एएसआई मानिकदास की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना सूरजपुर में अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना की सूचना पर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री अंकित गर्ग व पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की त्वरित धरपकड़ करने के निर्देश दिए थे, पुलिस अधीक्षक सूरजपुर स्वयं इस मामले की मॉनीटरिंग कर रहे हैं साथ ही प्रधान आरक्षक के बेहतर समुचित उपचार की दिशा में लगातार नजर बनाए हुए है। बीते दिन घटना को अंजाम देने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था और अन्य फरार आरोपियों की धरपकड़ में पुलिस की टीम लगी हुई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में पुलिस की टीम के द्वारा गुरुवार को प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी कांशीराम बियार पिता हरिकेसर बियार उम्र 57 वर्ष एवं महेंद्र बिहार पिता स्वर्गीय भोलाराम बियार उम्र 45 वर्ष निवासी खडगवां, चौकी बसदेई को गिरफ्तार किया गया है। सीएसपी एस.एस.पैंकरा के नेतृत्व में पुलिस की टीम अन्य आरोपियों की धरपकड़ में लगी हुई है।

अपहृता के कब्जे से नाबालिग बरामद

मुंगेली/नवप्रदेश। नाबालिग अपहृता को आरोपी लक्की विश्वकर्मा के कब्जे से पुणे, महाराष्ट्र से बरामद किया गया। थाना लालपुर में आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध था। प्रार्थी ने 22 अगस्त को थाना लालपुर में उसकी नाबालिग लड़की को अज्ञात आरोपी द्वारा बहला-फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट पर धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं पता तलाश शुरू किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान मुखबिरों की सूचना से नाबालिग अपहृता एवं संदेही आरोपी लक्की विश्वकर्मा का आदर्श नगर, लोहगांव, पुणे, महाराष्ट्र में होने की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर मौके पर दबिश देकर नाबालिग अपहृता को आरोपी लक्की विश्वकर्मा के कब्जे से बरामद कर आरोपी को अभिरक्षा में थाना लाया गया। नाबालिग अपहृता का महिला अधिकारी से कथन उपरांत प्रकरण में धारा 366, 376, भादवि, 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी जाकर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी उप निरीक्षक विरेन्द्र क्षत्रीय, सउनि देवेश अग्निहोत्री, प्रधान आरक्षक अनुज डहरिया, आरक्षक तीजराम यादव, महिला आरक्षक दुर्गा यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बेरोजगारी भत्ता : 1117 हितग्राहियों के खाते में 27.92 लाख अंतरण

युवाओं ने बेरोज़गारी भत्ता के लिए मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को अपने रायपुर निवास कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों के खाते में पांचवी किस्त की राशि का अंतरण किया।

बेरोज़गारी भत्ता योजना के तहत मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के 1 हजार 117 हितग्राहियों के खाते में प्रतिमाह 2500 रुपए के मान से 27 लाख 92 हजार 5 सौ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई है। इस अवसर पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कलेक्टरेट के एनआईसी केन्द्र कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा, जिला रोज़गार अधिकारी श्रीमती अंजुम अफ्रोज़ तथा बेरोजगारी भत्ता हेतु पात्र युवा मौजूद थे। बेरोज़गारी भत्ता के पात्र युवाओं ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि भत्ता मिलने से उन्हें पढ़ाई में लगने वाले जरुरत की चीजें खरीदने में आसानी होती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उन्हें मदद मिल रही है। उन्हें पूरा उम्मीद है कि उनका बेहतर नौकरी का सपना पूरा होगा। गौरतलब है कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल प्रशिक्षण योजना के लिए भी चिन्हांकित किया जा रहा है। जो युवा कौशल प्रशिक्षण चाहते हैं उन्हें विभिन्न संस्थाओं में प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

धूमधाम से हुआ भोजली विसर्जन

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का पारंपरिक लोकपर्व भोजली शहर सहित क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। आगर नदी पुल घाट पर दोपहर से ही देर शाम तक भोजली विर्सजन होते रहा। भोजली विसर्जन जुलूस बाजे-गाजे के साथ नगर भ्रमण कर पुल घाट पर भोजली विर्सजन किया गया। क्षेत्र में भोजली उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मल्हापारा स्थित शंकर मंदिर से बच्चे, युवतियां एवं महिलाएं सिर पर भोजली लेकर निकली। भोजली जुलूस मेन रोड पुराना बस स्टैण्ड होते हुए आगर नदी पुल घाट पहुंची। पुल घाट में भोजली का पूजा-अर्चना कर देवी गंगा-देवी गंगा लहर तुरंगा, जय हो देवी गंगा..... कहते हुए भोजली विसर्जन किया गया। दाऊपारा से भी जुलूस निकालकर पुलघाट पर भोजली विसर्जन किया गया। पुलघाट पर भोजली विसर्जन के समय मेले जैसा माहौल था। बच्चों से लेकर सभी वर्ग के लोग पुलघाट पर उपस्थित थे। बाजे-गाजे एवं नए कपड़े पहनकर लोग उत्सव का आनंद लेते रहे। पुलघाट के दोनों ओर विसर्जन करने वालों की भीड़ देखी गई। रक्षाबंधन के दूसरे दिन ग्रामीण क्षेत्र का लोकप्रिय पर्व भोजली मनाया जाता है। खासकर गांवों में इस त्यौहार को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। जहां बाजे-गाजे के साथ भोजली विसर्जित की गई। गांवों के अलावा शहर के कई घरों में बच्चियां, युवतियां लगभग 21 दिन पहले भोजली बोती हैं, जिन्हें रक्षाबंधन के दूसरे दिन विसर्जित किया जाता है। भोजली को छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि हरियाली का प्रतीक माना जाता है। इसके वैज्ञानिक महत्व भी हैं। माना जाता है कि जब तक घर में भोजली है, तब तक वहां की आबो-हवा शुद्ध रहती है। भोजली वास्तव में गेहूं का पौधा है, जिसे सावन मास के दूसरे पक्ष की पंचमी से नवमी के बीच किसी पात्र में बोया जाता है। इस पौधे को सूर्य से बचाकर दीपक की रोशनी में रखा जाता है। हल्दी-पानी सींचकर भोजली के पौधे की देखरेख रक्षाबंधन के दिन तक की जाती है। इसके दूसरे दिन भोजली का विसर्जन पारंपरिक उल्लास के साथ किया जाता है।

टीबी मुक्त पंचायत के लिए संवेदनीकरण कार्यशाला

रायगढ़/नवप्रदेश। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम टीबी मुक्त पंचायत पहल हेतु अंतर्विभागीय संवेदनीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें जिले के सभी पंचायत को टीबी मुक्त करने हेतु रणनीति बनाई गई एवं उसके संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। सीईओ यादव ने ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने हेतु निर्देश दिए। जिसके अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रति दो माह के अंतराल में एक बार सरपंच एवं सचिव के मार्गदर्शन में संबंधित क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन द्वारा टीबी के लक्षण का डोर-टू-डोर सर्वे किए जाएंगे, उसमें पाए गए संदेहास्पद टीबी मरीज को संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा वाहन की व्यवस्था करके टीबी जांच केंद्र तक पहुंचाएंगे। बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन के सलाहकार डॉ.रितु कश्यप, सुरेश कुमार गुप्ता जिला कार्यक्रम समन्वयक, सुनील यादव पीएमडीटी समन्वयक, दीपक गिरी गोस्वामी पीपीएम समन्वयक, अभिषेक मिश्रा एसएसए,गोपाल साहू स्टैटिकल असिस्टेंट,सुमन पॉल द यूनियन टीम लीडर, अनिल शाहा एवं जैदेव निषाद उपस्थित रहे ।

मतदाता जागरूकता पर पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में विगत दिनों स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता एवं सतर्कता विषय पर पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के लगभग 70 छात्राओं ने भाग लेकर मतदाता जागरूकता थीम पर पोस्टर का निर्माण, मतदाता जागरूकता और सतर्कता विषय पर 15 छात्राओं ने निबंध लिखा। पोस्टर प्रतियोगिता में कु.पूनम जायसवाल ने प्रथम स्थान, कु. वर्षा राजपूत ने द्वितीय स्थान और कु. अंजली ठाकुर एवं माल्या साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आवास निर्माण में देरी, सीईओ ने जताई नाराजगी

8 कर्मियों को थमाया कारण बताओ नोटिस

कोरिया/नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास निर्माण में प्रगति नहीं लाए जाने पर अधिकारियों पर बड़ी नाराजगी व्यक्त किया है। मिली जानकारी अनुसार जनपद पंचायत सोनहत के अधीन गांवों के पात्र हितग्राहियों को पीएमएवायजी के अन्तर्गत समय पर आवास निर्माण कर उपलब्ध कराया जाना था, लेकिन कर्मियों के लापरवाही के कारण आवास निर्माण में काफी विलम्ब हुआ है। बता दे कि जनपद पंचायत सोनहत में वर्ष 2018-2023 तक के प्रथम किस्त प्राप्ति उपरांत भी 2 हजार 510 आवास अप्रारंभ कि स्थिति में है तथा 619 आवास हेतु द्वितीय किस्त की राशि जारी किए जाने उपरांत भी अब- तक रुफकॉस्ट लेवल पर नहीं पहुँच पाए हैं । इसी प्रकार 512 आवास ऐसे हैं, जो तृतीय किस्त प्राप्त होने के बाद भी अपूर्ण है। जनपद पंचायत, सोनहत के तकनीकी सहायक मनरेगा में कार्यरत प्रभात कुमार साहू, सुरेश कुमार कुर्रे, रेशमी साहू, अराधना गिरी, राजू कुमार भगत, नरेंद्र कश्यप, गजेंद्र टुंडे एवं पीएमएवायजी के विकास खण्ड समन्वयक हेमन्त कुमार साहू से योजनान्तर्गत प्रगति लाते हुए सात दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया लें।

अशोक महामंत्री और धर्मेंद्र जिला अध्यक्ष बने

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय संगठन छात्र युवा मंच के द्वारा आज अपनी प्रदेश कार्यकारणी और जिला स्तर पर जिला अध्यक्ष की नियुक्ति आदेश जारी किया गया। जिसमें मुंगेली से अशोक यादव को प्रदेश महामंत्री एवं धर्मेंद्र साहू को छात्र युवा मंच का जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

टेनिस बॉल क्रिकेट में खिलाड़ी दिखाएंगे जौहर

मुंगेली/नवप्रदेश। सन राइस क्रिकेट सोसाइटी के खिलाड़ी भिलाई में आयोजित अंडर 19 व अंडर 17 में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाएंगे।

भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के तत्वाधान में जम्मू, कश्मीर टेनिस बॉल संघ के द्वारा 31वीं जूनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप अंडर 19 बालक, बालिका का अनंतनाग जम्मू कश्मीर में 25 से 28 सितंबर तक आयोजित है। उक्त चैंपियन में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ की बालक, बालिकाटीम प्रतिनिधित्व करेगी। धुले महाराष्ट्र में होने वाली अंडर 17 बालक, बालिका 28वी सब जूनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 3 से 6 नवंबर तक आयोजित होना है। ट्रायल भिलाई में आयोजित होगा।

चयनित खिलाड़ियां उक्त प्रतियोगिता में शामिल होंगे। अंडर 19 में बालक हरिश यादव, महेश साहू वही अंडर 17 में सिद्धार्थ, सुयश, चित्रांस साहू, भुवाल, यश गोस्वामी, शनि बंजारे, श्रेयांश बालिका में अंकिता मीरे, पूजा सोनकर, बिन्दा सोनकर भिलाई में ट्रायल देंगे।

मेरिट सूची के आधार पर होगी काउंसलिंग

मुंगेली/नवप्रदेश। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु मेरिट सूची के आधार पर काउंसलिंग 04 सितम्बर से 06 सितम्बर तक आयोजित की गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि काउंसलिंग का आयोजन जिला कलेक्टोरेट स्थित आदिवासी विकास के कार्यालय में उक्त तिथि में प्रातः 11 बजे से शाम 04 बजे तक किया जाएगा।

जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का समापन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आज समापन हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर और जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी ने जिला स्तरीय विभिन्न खेलों के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि जिस तरह से आप लोगों ने जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल में बेहतर प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट स्थान हासिल किया है, वह काफी सराहनीय है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को आगे भी संभाग और राज्य स्तरीय खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं हारने वाले खिलाड़ियों से कहा कि खेल में हार-जीत होता ही है। हारने वाले खिलाड़ी को कभी निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि पूरी ऊर्जा के साथ पुनः अभ्यास में जुट जाना चाहिए। वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पाल ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप एवं कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में राज्य की पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए 28 से 31 अगस्त तक जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन किया गया। अंतिम दिवस के खेल में 100 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग 0 से 18 आयुवर्ग में प्रथम सुरेश, द्वितीय लक्ष्मीनारायण और तृतीय हरीश, 18 से 40 आयुवर्ग में प्रथम बृजेश, द्वितीय दुर्गेश, तृतीय दिनेश, 40 से ऊपर आयुवर्ग में प्रथम खोमन सिंह, द्वितीय संतोष, तृतीय दिनेश रहे। महिला वर्ग में 0 से 18 आयुवर्ग में खुशबू प्रथम, द्वितीय पिंकी, तृतीय चांदनी, 18 से 40 आयुवर्ग में प्रथम नीलिमा द्वितीय अमरिका, तृतीय रागनी, 40 वर्ष से ऊपर आयुवर्ग में प्रथम शशि साहू, द्वितीय सोनिया रहे।

इसी तरह लंबी कूद 0 से 18

दूसरे दिन तक मना रक्षाबंधन

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र में रक्षाबंधन का पर्व भद्रा काल के कारण दो दिन मनाया गया। बहनें सज-धज कर अपने भाईयों को अक्षत कुमकुम का तिलक लगाकर प्रेम के साथ कलाई में रक्षासूत्र बांधी। रक्षा बंधन त्यौहार को लेकर बसों में भीड़ नजर आई। भाई-बहन अपने साधनों से राखी त्यौहार मनाने के लिए आना-जाना करते रहे। भाई बहनों के पवित्र प्रेम का त्यौहार श्रावणी पूर्णिमा को मनाया जाने वाला रक्षा बंधन पर्व इस वर्ष भद्रा काल के चलते बुधवार को रात्रि 9 बजे के बाद और दूसरे दिन गुरूवार को भी मनाया गया। पर्व पर बहनें तैयार होकर अपने भाईयों को अक्षत कुमकुम का तिलक लगाकर प्रेम के साथ कलाई में रक्षासूत्र बांधती रही। बहन अपने भाई के यहां तो कई जगहों पर भाई अपने बहनों के यहां पहुंचकर इस पवित्र त्यौहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

रिटायर्ड फौजी ने बेटी, भाई और भतीजे को गोली मारी: दो की मौत

बेटी घायल; पत्नी से मारपीट कर रहा था, रोकने गए तो फायर किए

सागर/नवप्रदेश। सागर में एक रिटायर्ड फौजी ने अपनी बेटी, बड़े भाई और भतीजे को गोली मार दी। भाई और भतीजे की अस्पताल में मौत हो गई। बेटी के पैर में गोली लगी है, उसका बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। घटना ढाना के पास लालेपुर गांव की है। रिटायर्ड फौजी रामाधार तिवारी (50) शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे पत्नी संध्या तिवारी से किसी बात को लेकर मारपीट कर रहा था। ये देख भाई राममिलन (62) ने बीच बचाव किया। इस दौरान रामाधार ने उसे गोली मार दी। राममिलन का बेटा अज्जू (36) पहुंचा तो उस पर भी गोली चला दी।

आरोपी की बेटी वर्षा (24) रोकने आई तो उस पर भी फायर कर दिया। तीनों घर के बाहर सड़क पर तड़पते रहे। आरोपी कार लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी को सिविल लाइन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है।

आए दिन होता है पत्नी से विवाद

आरोपी रामाधार तिवारी तीन भाई थे। एक की पहले ही मौत हो गई, जबकि दूसरे की आरोपी ने गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी रिटायर्ड फौजी का आए दिन उसकी पत्नी से विवाद होता रहता था। शुक्रवार की सुबह जब विवाद बढ़ गया तो राममिलन समझाने पहुंचा। रामाधार की चार बेटी और एक बेटा है। एक बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि दो बच्चे स्कूल गए हुए थे। रामाधार वर्ष 2019 में फौज से रिटायर हुआ था।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के भाई ने छोड़ी भाजपा: पूर्व विधायक बोले- संगठन में नए लोग पुरानों को दरकिनार कर रहे

प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर

नर्मदापुरम/नवप्रदेश। शिवपुरी के कोलारस से विधायक वीरेंद्र रघुवंशी के बाद अब नर्मदापुरम से बीजेपी के पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा ने पार्टी छोड़ दी है। शुक्रवार को उन्होंने बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। वे मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा के भाई हैं। वे भाजपा से दो बार विधायक रह चुके हैं। पूर्व विधायक शर्मा ने शुक्रवार को नर्मदापुरम स्थित एक होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल से ज्यादा समय से पार्टी उनकी उपेक्षा कर रही है। संगठन में नए लोग आ गए हैं, जो पुराने लोगों को दरकिनार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुराने नेताओं की पूछ परख नहीं की जा रही। कई बार लगा कि संगठन से बातचीत की जाए, लेकिन संगठन में भी सुनने वाला कोई नहीं। इस्तीफे की खबर मिलते ही उनके घर पर शुभचिंतक मिलने पहुंचना शुरू हो गए।

पूर्व विधायक बोले- प्रदेश में बेरोजगार युवा ज्यादा

गिरिजाशंकर शर्मा ने कहा- प्रदेश में भाजपा सरकार पूरी तरह फेल रही है। यहां महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में ज्यादा अच्छा नहीं हुआ। गिरिजाशंकर शर्मा ने व्यापमं घोटाला, पटवारी भर्ती घोटाले को लेकर कहा- प्रदेश में बेरोजगार युवाओं की संख्या ज्यादा है। सरकार गिनी-चुनी भर्ती निकालती है। उसमें भी भ्रष्टाचार हो जाता है। हाल में पटवारी भर्ती में भी घोटाला हुआ। इस कारण युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा।

किस पार्टी में जाएंगे, यह स्पष्ट नहीं किया

शर्मा ने फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया कि वह कौन सी पार्टी जॉइन करेंगे। हालांकि डेढ़ महीने पहले वे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से मिलने के लिए भोपाल स्थित उनके आवास पर पहुंचे थे, लेकिन उस समय मुलाकात नहीं हो पाई थी। गिरिजा शंकर शर्मा ने कहा था कि आम आदमी पार्टी ने भी मुझसे संपर्क किया। शर्मा कौन सी पार्टी के साथ जाएंगे, इस पर उन्होंने अभी कुछ भी नहीं कहा है।

कौन हैं गिरिजाशंकर शर्मा

गिरिजाशंकर शर्मा जनसंघ से जुड़े रहे हैं। वे बीजेपी के कद्दावर नेता रहे हैं। शर्मा दो बार नगर पालिका अध्यक्ष और दो बार विधायक रहे। साल 2003 और 2008 में वे भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने भाजपा संगठन में जिला अध्यक्ष समेत कई जिम्मेदारियां निभाई। गिरिजाशंकर शर्मा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सीतासरन शर्मा के बड़े भाई हैं।

गिरिजा शंकर शर्मा के इस्तीफे के बाद सोशल मीडिया पर उन्हें लेकर कमेंट्स किए जा रहे हैं। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अखिलेश खण्डेलवाल ने लिखा- सादर धन्यवाद। वीरेंद्र बबलू यादव ने लिखा- बुझी चिलम सुलगाई नहीं जाती। अब थूक कर मत चाटना। पिछली बार जैसे।

चोरहटा एयरपोर्ट के सामने हादसा: रीवा में रोड क्रॉस करते समय कार ने बाइक को मारी ठोकर

रीवा/नवप्रदेश। रीवा में चोरहटा एयरपोर्ट के सामने एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस दुर्घटना में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं दो साथी घायल बताए जा रहे है। पुलिस का कहना है कि एक बाइक में सवार चोरहटी गांव के तीन लोग घर लौट रहे थे। तभी बेला की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने लापरवाही पूर्वक बाइक सवारों को ठोकर मार दिया। ऐसे में तीनों युवक नेशनल हाईवे-30 में बिखर गए।

हादसा देख आसपास के लोग दौड़े। देखा कि एक युवक की सांसे थम चुकी है। वहीं दो लोग जिंदगी की जंग लड़ रहे है। ऐसे में तुरंत 108 एंबुलेंस और चोरहटा थाने को सूचना दी। जानकारी के बाद पुलिस पहुंची। जो एंबुलेंस से घायल को अस्पताल चली गई है। वहीं मृतक के समर्थन में गांव वालों ने हाईवे

में शव रखकर चक्काजाम कर दिया। डेड़ घंटे बाद काफी समझाइश के बाद जाम खुला है।

हादसा प्रभावित चोरहटी गांव के

चोरहटा थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश पाण्डेय ने बताया कि सड़क हादसे में सुशील साकेत पुत्र देवनाथ 30 वर्ष निवासी वार्ड क्रमाक 4 चोरहटी की मौके पर मौत हो गई है। वहीं मिथुन साकेत निवासी चोरहटी और रहीश साकेत निवासी चोरहटी घायल है। तीनों एक बाइक में सवार होकर शुक्रवार की दोपहर तीन बजे घर लौट रहे थे। तब महज 100 मीटर पहले हादसे का शिकार हो गए।

डेढ़ घंटे लगा रहा जाम

हादसे के बाद चोरहटी गांव के परिजन नेशनल हाईवे 30 में आ गए।वह मुआवजे की मांग को लेकर 1 सितंबर की दोपहर 3 बजे चक्काजाम कर दिया। ऐसे में दोनों तरफ दो-दो किलोमीटर लंबी लाइन लग गई। विरोध को देखते हुए चोरहटा थाना प्रभारी अवनीश पाण्डेय ने जिला प्रशासन को अवगत कराया। तब राजस्व विभाग की ओर से नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला मौक पर पहुंचे है। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

गांजे के पैसों का लेनदेन, 25 हजार वसूले: पुलिस ने पीछा कर पकड़े अपहरणकर्ता

सतना/नवप्रदेश। जिले के रामनगर थाना क्षेत्र से एक युवक का अपहरण कर लिया गया। अपहर्ताओं ने उसकी रिहाई के एवज में फिरौती भी मांगी और 25 हजार रुपए वसूल भी लिए। लेकिन पुलिस ने अपहरणकर्ताओं को पीछा कर पकड़ लिया। इस घटना के पीछे गांजा के रुपयों के लेनदेन का मामला चर्चा में है। जानकारी के मुताबिक, रामनगर थाना क्षेत्र के बम्हनाड़ी गांव में रहने वाले दुर्गा प्रसाद पटेल का गुरुवार की शाम अपहरण कर लिया गया था। रात लगभग 11 बजे अपहर्ताओं ने दुर्गा प्रसाद के बेटे रिपू कुमार पटेल के मोबाइल पर फोन कर के 25 हजार रुपए की फिरौती मांगी। उन्होंने धमकी दी कि अगर रिपू अपने पिता को जीवित देखना चाहता है वह पैसे पहुंचा दें।

फिरौती की रकम लेने के लिए पहले आरोपियों ने रिपू को कंचन ढाबा के पास बुलाया लेकिन जब वह वहां पहुंचा तो फोन करके अपहर्ताओं ने जगह बदल दी और रिपू को पैसे लेकर अमरपाटन गड़ी बुला लिया। जब रिपू वहां पहुंचा तो अपहर्ताओं ने रुपए ट्रांसफार्मर के पास रख कर चले जाने को कहा। रिपू ने अपने पिता के बारे में पूछा तो उसे कहा गया कि वो पैसे रखकर निकले। पिता उसे आगे मिल जाएंगे। वापसी में कुछ दूरी आने पर दुर्गा प्रसाद उसे सड़क पर ही मिल गया। पिता-पुत्र ने वहीं से डायल 100 को सूचना दे दी। जिसके बाद पुलिस अपहर्ताओं के पीछे लग गई। अमरपाटन और नादन देहात पुलिस आरोपियों का पीछा करते हुए रामनगर तक जा पहुंचीं। इधर, रामनगर पुलिस भी अलर्ट हो चुकी थी। लिहाजा आल्टो कार सवार तीन लोगों को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों में अन्नू द्विवेदी निवासी बम्हनाड़ी, अमित द्विवेदी निवासी बघवार रामपुर नैकिन और सोनू मुसलमान निवासी अमरपाटन शामिल हैं।

इंदौर डबल मर्डर केस के आरोपी के घर चला बुलडोजर

करणी सेना ने किया था विरोध, समझाइश पर मान गए

इंदौर/नवप्रदेश। इंदौर के खजराना इलाके में दो सप्ताह पहले जीजा-साले की हत्या करने वाले गार्ड का मकान तोड़ने नगर निगम का अमला पहुंचा। निगम अमले के साथ प्रशासनिक टीम और भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। मकान तोड़ने की सूचना मिलते ही करणी सेना के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने कार्रवाई का विरोध किया। शुक्रवार सुबह पुलिस प्रशासन के साथ निगम का अमला पोकेलेन के साथ मौके पर पहुंचा। यहां गार्ड के मकान को तोड़ने के पहले करणी सेना ने विरोध किया। काफी देर तक अफसरों से बातचीत के दौरान वह राजी हुए। जिसमें आरोपी गार्ड के मकान का आगे का हिस्सा ढहा दिया गया।

खजराना में दो हत्याओं ओर हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी राजपाल और उसके बेटे सुधीर का मकान तोड़ने को लेकर अफसरों ने आदेश दिए। जिसके बाद

नगर निगम की टीम के साथ प्रशासन के अफसर भी पहुंचे। यहां आरोपी के घर के आगे का छज्जा गिराया गया। करणी सेना के किशोर सिकरवार ने विरोध किया।

मामले में एसीपी ओर टीआई ने उन्हें समझाइश दी। काफी देर तक अफसर मकान तोड़ने की बात पर अड़े रहे। बाद में आगे का छज्जा गिराने की बात पर सहमति बनी। जिसमें पोकलेन लाकर उसे तोड़ा गया। बता दें कि राजपाल और उसके पड़ोसियों के बीच पालतू डॉगी को लेकर विवाद हुआ था। इसमें राजपाल का बेटा और भतीजा भी कूद गया। इस वजह से विवाद और बड़ गया। पेशे से सिक्योरिटी गार्ड घर के अंदर गया और अपनी बंदूक निकाल कर ले आया।

ब्रिटिश हाई कमीशन के दल ने नादान का किया भ्रमण

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हो रहे कामों के बारे में जाना

सीहोर/नवप्रदेश। ब्रिटिश हाई कमिशन के दल द्वारा शुक्रवार को ग्राम पंचायत नादान पहुंचकर जलवायु परिवर्तन के संबंध में क्लाइमेट वॉलेंटियर्स से चर्चा की। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों को रोकने तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने में आ रही कठिनाइयों और उनके प्रयासों से आ रहे बदलावों के बारे में जाना।

इसके बाद आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में क्लाइमेट वॉलिंटियर्स के रूप में कम कर रहे अनेक ग्रामवासियों ने बताया कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन के जो दुष्परिणाम देखने को मिल रहे हैं, उनके बारे में ग्रामवासियों को बहुत ही आसान भाषा में आसान तरीके से समझाया जाता है। कई बार गांव के ही पुराने उदाहरण देने पर ग्रामवासियों को जल्दी समझ में आ जाता है।

ग्राम वासियों को यह बताया जाता है कि जलवायु का प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में महत्व है और जलवायु में होने वाले परिवर्तन का भी हर एक व्यक्ति के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ग्रामवासी धीरे-धीरे अब जुड़ने लगे हैं और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के काम में सहयोग भी कर रहे हैं। अनेक ग्रामवासी अब पौधारोपण, जल संरक्षण, पानी और विद्युत की बचत के साथ ही गांव की स्वच्छता में योगदान दे रहे हैं। नादान तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में फीया फाउंडेशन द्वारा जलवायु परिवर्तन पर कार्य किया जा रहा है।

इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की छायाचित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इससे पहले वे भोपाल में आयोजित विश्व स्तरीय जलवायु सूचना सेवा टूल का लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। चर्चा के दौरान सरस्वती उकाई, मेघा राठौर, संतोषी चिराड़, रुक्मणि बारेला, घीसी बाई, विनीता उईके सहित अनेक क्लाइमेट वॉलेंटियर्स ने अपने अनुभव साझा किए।

क्लाइमेट वॉलेंटियर्स के कार्यों की ब्रिटिश हाई कमिशन के सदस्यों ने सराहना की। ब्रिटिश हाई कमीशन के दल में ब्रिटिश हाई कमिशन के डिप्टी कमिश्नर क्रिस्टीना स्कॉट, हाई कमिशन के प्रथम सचिव जोसेफ कांलिगा, हिलेरी कॉर्डेन, आईआईईडी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर टॉम मिचेल, क्लाइमेट ग्रुप की टीम लीडर रितु भारद्वाज, दलजीत कौर, एलिजाबेथ एटबेल, फरजाना मुस्तफा, अन्ना बालेंस, नीति मल्होत्रा अनिरबेन गांगुली शामिल थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

राज्यपाल पटेल से ब्रिटिश उप

जानकारी देने और उनकी क्षमता को बढ़ाने के लिए मैपकॉस्ट में संसाधन केन्द्र की स्थापना की गई है। यह केन्द्र क्रिस्प-एम टूल के उपयोग के द्वारा भविष्य में जलवायु प्रभावों के बेहतर प्रबंधन में सहयोगी होगा।

चंद्रयान मिशन की तरह ही ...

समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण यानी साइंटिफिक टेंपर का निर्माण हो सके। यह संविधान के मूल कर्तव्यों में शामिल है। मुझे खुशी है कि इस विश्वविद्यालय में आधुनिक प्रयोगशालाएं हैं। यहाँ ऐक्सलरेटर आधारित रिसर्च सेंटर भी स्थापित की गई है। अपने अनुसंधान से यह विश्वविद्यालय दुनिया में अपनी पहचान बनाएं। जो देश विज्ञान और प्रौद्योगिकी को अपनाने में आगे रहेंगे, वे ज्यादा तरक्की करेंगे। हमारे स्पेस मिशन में हमें दुनिया से कुछ असहयोग का सामना भी करना पड़ा, फिर भी हम दृढ़ता से बढ़ते रहे।

'इंडिया' गठबंधन ने ...

अली खान, जेडीयू से ललन सिंह, जेएमएम से हेमंत सोरेन, सीपीआई से डी राजा, नेशनल कांफ्रेंस से उमर अब्दुल्ला और पीडीपी से महबूबा मुफ्ती शामिल हैं। सीपीआईएम के नेता का नाम नहीं बताया गया जिन्हें कमेटी में शामिल किया है। विपक्षी गठबंधन इंडिया ने लोकसभा चुनाव-2024 साथ मिलकर लड़ने का भी संकल्प लिया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, इंडिया गठबंधन में शामिल दलों एक साथ लोकसभा चुनाव लड़ने का संकल्प लिया। जहां तक संभव होगा वहां तक हम एकसाथ लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अवैध शादी

हालांकि, कोर्ट ने यह भी कहा कि उनका यह फैसला केवल हिंदू मिताक्षरा कानून के तहत ज्वाइंट हिंदू फैमिली की संपत्तियों पर ही लागू होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला 2011 में दायर एक याचिका पर सुनाया, जिसमें हिंदू विवाह अधिनियम, धारा 16(3) को चुनौती दी गई थी।

इस एक्ट के तहत अवैध शादी से पैदा हुए बच्चे केवल अपने माता-पिता की संपत्ति के हकदार हैं। माता-पिता की पैतृक का किसी दूसरी संपत्ति पर उनका अधिकार नहीं होता।

मणिपुर में बीते 3 दिन

से अलग-अलग संगठनों की नाकेबंदी से खुद निपटने को कहा। साथ ही ऑप्शन के तौर पर प्रभावित इलाकों में राशन की एयर ड्रॉपिंग की सलाह दी। मामले की अगली सुनवाई 6 सितंबर को होगी।

पिछले दिनों भ?की हिंसा में कुकी गायक की मौत

खोइरनटक, चिंगपेई, खोशुबंग और नारायनसेना में मैतेई और कुकी हमलावरों के बीच गुरुवार को हिंसक झड़प हुई। इस दौरान मोर्टार हमलों और फायरिंग में पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मणिपुर के चर्चित कुकी गायक मंगबोई लुंगडिम भी हैं, जिन्होंने मई में हिंसा भड़कने के बाद 'आई गम हिलौ हैम' (क्या यह हमारी भूमि नहीं) गीत लिखा और गाया था।

सेमरिया बनेगी नगर परिषद, हनुमानगढ़ बनेगी

रूपये के निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।मुख्यमंत्री ने सेमरिया में नगर परिषद बनाने, हनुमानग? उप तहसील को तहसील बनाने तथा गिजवार में सीएम राईज स्कूल खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने पटपरा क्षेत्र के 35 गाँवों में सिंचाई सुविधा के लिए लिफ्ट एरिगेशन स्कीम लागू करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक सेवा केन्द्रों में अब 40 रूपये के स्थान पर 20 रूपये की फीस लगेगी। मिनी आँगनवा?ी केन्द्र की कार्यकर्ता का मानदेय 6500 से ब?ाकर 7250 रूपये तथा आँगनवा?ी सहायिका का मानदेय 5750 रूपये से ब?ाकर 6500 रूपये कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सरकार नहीं परिवार चला रहा हूँ। ला?ली बहना योजना से 10 सितम्बर को ग्वालियर से 1 हजार रूपये दिये जा रहे हैं। अक्टूबर माह से हर महीने बहनों को 1250 रूपये मिलेंगें। इसे धीरे-धीरे ब?ाकर 3 हजार रूपये किया जायेगा। गाँव-गाँव में ला?ली बहना सेना बना दी गई है। बहनों की यह सेना शासन की योजनाओं को लागू कराने में सहयोग करेगी। स्व-सहायता समूह की बहनों की आमदनी हर महीने 10 हजार तक करने का प्रयास कर रहे हैं। मेरिट में आने वाले बच्चों को स्कूटी दी गई है और उन्हें साइकिल, छात्रवृत्ति और कम्प्यूटर के लिए 25 हजार रूपये दिये गये हैं। गरीब परिवार के सभी वर्ग के बच्चों को उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश लेने पर उनकी फीस सरकार भरेगी। सभी भूमिहीन परिवारों को आवासीय भूमि के पट्टे दिये जायेंगें। जिन लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है उन गरीब परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना से पक्के आवास दिये जायेंगें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन गरीब परिवारों के 31 अगस्त तक जो बिजली के अधिक राशि के बिल आये हैं उन्हें सरकार भरेगी। इसके लिए 8 हजार करो? रूपये दिये जा रहे हैं। जनता के सहयोग से सीधी जिले और प्रदेश का विकास किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया। ला?ली बहना सेना ने विशाल राखी से मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया और कन्या-पूजन करके बेटियों का सम्मान किया और बहनों पर पुष्प-वर्षा की। कार्यक्रम स्थल पहुँचने पर मुख्यमंत्री का परम्परागत शैला नृत्य तथा गुदुम बाजे से स्वागत किया गया।सांसद श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सीधी जिले को कई ब?ी सौगातें दी हैं। आज मेडिकल कॉलेज की बहुत ब?ी सौगात दी है। विधायक सीधी श्री केदारनाथ शुक्ला ने कहा कि आज मुख्यमंत्री जी ने सीधी जिले को मेडिकल कॉलेज के रूप में ऐसा उपहार दिया है जिसकी कल्पना भी संभव नहीं थी। यह सीधी जिले के लिए बहुत ब?ी उपलब्धि है। सीधी जिले की प्रभारी और जनजातीय कार्य मंत्री सुश्री मीना सिंह, राज्य सभा सांसद श्री अजय प्रताप सिंह, विधायक सर्वश्री श्री शरदेन्दु तिवारी, कुंवर सिंह टेकाम और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह भी उपस्थित थे मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कलेक्ट्रेट के पास अम्बेडकर चौराहा स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर जनदर्शन का शुभारंभ किया। उन्होंने फूलमती माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। जनदर्शन के दौरान ला?ली लक्ष्मी

शिशुपाल शोरी के खिलाफ भाजपा का पोस्टरवार

- चुनाव से पहले भाजपा ने मान ली हार, शोरी का पलटवार, पंद्रह साल का हिसाब मांगेगी जनता

कांकेर/नवप्रदेश। बीते एक सप्ताह से कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी के खिलाफ नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विधायक के कार्यकाल भ्रष्टाचार का पोस्टर जारी कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर जनता से सवाल पूछा जा रहा है। यही नहीं शहर के चौक चौराहे पर विधायक के खिलाफ लगे पोस्टर से कांकेर विधायक की छवि धूमिल हो रही है।

पोस्टर वार को लेकर भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी गई है कि भाजपा हाईकमान द्वारा कांकेर विधानसभा को सी-कैटेगरी में रखा गया है। जिनमें उनकी स्थिती नाजुक है। चुनाव से पहले प्रत्याशी घोषित करने का मकसद यह था कि, कार्यकर्ताओं एवं प्रत्याशियों को प्रचार-प्रसार हेतु पर्याप्त अवसर मिले। किन्तु कांकेर विधानसभा में भाजपा का यह दांव उल्टा पड़ता दिख रहा है। एक ओर बिना स्थानीय भाजपा नेताओं के रायशुमारी के अनुभवहीन व्यक्ति को टिकट दे दिया गया है, वहीं दूसरी ओर मुद्दाविहिन भाजपा, कांकेर विधायक से उल-जलुल सवाल पुछकर अपनी बेज्जती कराने पर अमादा है। जहां तक मेरे कार्यकाल का प्रश्न है, कांकेर विधानसभा के इतिहास में स्वर्णिम

अध्याय के रूप में उल्लेखित किया जायेगा। पूरे विधानसभा क्षेत्र में लगभग 2000.00 करोड़ रूपये से भी अधिक राशि के विभिन्न विकास कार्य स्वीकृत कराये गये है। कांकेर जैसे छोटे नगर-पालिका क्षेत्र में ही 125.00 करोड़ रू. से अधिक के कार्य स्वीकृत कराये गये हैं, जिसके तहत् सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट- रू. 22.00 करोड़, दूध नदी में स्टापडेम विस्तारिकरण एवं रिटेनिंग वाल निर्माण कार्य- रू. 33.00 करोड़, शहर के मध्य सी.सी रोड निर्माण कार्य- रू. 03.00 करोड़, सड़क चौड़ीकरण कार्य- रू. 27 करोड़, किसान हाट- रू. 02.27 करोड़, इस प्रकार कुल 87 करोड़ 27 लाख रू. के कार्य प्रगति पर हैं। दूध नदी में अन्नपूर्णा पारा से एमजीवार्ड के मध्य पुलिया निर्माण कार्य- रू. 08.00 करोड़, स्टापडेम निर्माण बाबत- रू. 08.25 करोड़, घड़ी चौक से पण्डरीपानी तक सड़क चौड़ीकरण - रू. 05.50 करोड़, 1000 सीटर आडिटोरियम का निर्माण- रू. 15.50 करोड़ के कार्य शीघ्र प्रारम्भ होने वाले हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभी पंचायतों में 15 लाख से करोड़ों के कार्य स्वीकृत कराए गये है। अकेले भाजपा प्रत्याशी के गृह ग्राम में ही 70.00 लाख के विकास कार्य एवं रीपा के तहत 01.00 करोड़ रू. के काम चल रहे हैं। ग्राम बेवरती के गोठान को आदर्श गोठान के रूप में विकसित करने हेतु अलग से लगभग 60.00 लाख की राशि स्वीकृत किया गया है। वहां के दीदीयों के द्वारा गोठान के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है, जिसकी प्रशंसा पूरे प्रदेश में हो रही है। जब भाजपा कार्यकर्ता वोट मांगने जाएंगे, तब जनता उनसे 15 वर्षों का हिसाब मांगेगी। अपने 15 साल के कार्यकाल में भाजपा ने सिवाय भ्रष्टाचार के कुछ भी उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है। विकल्प होने के बाद भी उनके द्वारा कमजोर प्रत्याशी उतारकर एक तरह से भाजपा ने अपनी पराजय स्वीकार कर ली है।

कार्यशाला में छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रयोग पर जोर

कोण्डागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ी भाषा शासकीय कामकाज की भाषा बनाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डॉ अनिल भतपहरी सहित कलेक्टर दीपक सोनी, सीईओ प्रेमप्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोर्ते, छत्तीसगढ़ भाषा विशेषज्ञ के रूप में डॉ आरएस बंजारे भी उपस्थित रहे। जहां राजभाषा आयोग के अध्यक्ष डॉ अनिल भतपहरी ने छत्तीसगढ़ी को सरकारी कार्य मे उपयोग करने पर

जोर देते हुए अधिकारियों को प्रदान किये गए किट के माध्यम से छत्तीसगढ़ी शब्दों के शब्दकोशों को प्रयोग करने पर बल दिया। डॉ बंजारे ने छत्तीसगढ़ी भाषा को प्रशासनिक भाषा बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा सहित राजभाषा आयोग कोण्डागांव के अध्यक्ष हरेंद्र यादव एवं सहसंयोजक मधु तिवारी ने छत्तीसगढ़ी में उद्बोधन दिया। जिले के राजभाषा संयोजक हरेंद्र यादव ने छत्तीसगढ़ी कविता सुना कर सभी को आल्हादित किया। छत्तीसगढ़ी के प्रसिद्ध कलाकार खिरेंद्र यादव, उमेश मंडावी भी कविता पाठ किया।

व्यापारी के घर लूट के मामले का पुलिस ने खोला

- व्यापारी का पुराना कर्मचारी ही निकला आरोपी

कोंडागांव/नवप्रदेश। फरसगांव के व्यापारी मोहम्मद अशरफ खान के पुत्र दुकान में ताला लगा रहा था तभी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा डंडे से पीछे से उस पर वार किया जब प्रार्थी पीछे मुडा तो उसके सिर पर फिर से वार करने के बाद अज्ञात चोर लडके पास रखे बेग को छीनकर खेत की और भाग गया! जिसकी शिकायत पीड़ित व्यापारी द्वारा फरसगांव थाने की गई जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा त्वरित निराकरण के पुलिस तीन टीमों का गठन कर जांच में टूट गई! अज्ञात चोर की पता साजी के शहर के सभी सीसी टीवी कैमरा को खगाल गया एवं तकनीकी छानबीन की गई साथ ही घटना स्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की गई ! तकनीकी सहायता से पता चला कि किराना व्यापारी की यहां पूर्व में कार्यरत कर्मचारी विनय पटेल द्वारा गांव में ही अधिक नगद राशि रखा गया है और बैंक में भी पैसा जमा किया जा रहा है जिस पर से घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपराध कबूल किया गया ! अपराधी द्वारा लूट की राशि को अलग-अलग दो बैंकों में जमा किया था एवं कुछ को स्वयं के घर में रखा था जिसे बरामद किया गया एवं कुछ पैसों को खर्च करना बताएं साथ ही घटना में प्रयुक्त की गई डंडे को भी जप्त किया गया !आरोपी को धारा 394 तहत गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेजा गया ।

कभी भी जमींदोज हो सकता है शाला भवन

- नैनिहाल की जिंदगी खतरे में,अधिकारी लगा रखे हैं हरा चश्मा
- खामियाजा भुगतना पड़ रहा है बच्चों को

पखांजूर/(नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ की सरकार शिक्षा को लेकर चाहे कितना भी बेहतर दावे करे,पर अंदरूनी क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था दम तोड़ती दिखाई दे रही है,और सरकार के दावे खोखले साबित हो रही है,जी हम बात कर रहे बांगोघोड़िया स्कूल की,स्कूल की हालत इतनी खराब और जर्जर है देखने से ही समझ आ जायेगा कि स्कुली बच्चो पर हमेशा जान का खतरा बना रहता है, इन्ही स्कूलों में हर दिन नन्हे मुन्ने स्कूली छात्र जान जोखिम में डाल कर पढ़ाई करने में मजबूर है।

ऐसा नही है शिक्षा विभाग की इस बदहाल बात की भनक या सूचना नही है,कई बार इसकी जानकारी ग्रामीणों और शिक्षकों की ओर से दी गई साथ ही हर साल स्कूल की इस भयानक दुर्दशा के बारे में जानकारी दी जाती है,पर आज तक कोई अधिकारी या नेता संघ्यन में नही लिया और न गम्भीर है।ऐसा में देश के भविष्य,जिंदगी के साथ खिलवाड़ होता रहेगा तो देश आगे कैसे बढ़ेगा।

चुनावों में सभी पार्टी करेंगे लुभाने वादे

चुनाव आते ही सभी पार्टी अपनी अपनी राजनीति रोटी सेंकने या लुभाने वादे करने गांव गांव प्रचार प्रसार करने आएंगे,मगर इस पाँच सालों कोई भी पार्टी की नजर देश की भविष्य कहे जाने वाले नन्हे मुन्हे स्कूली बच्चो पर नही थी,की कैसे हमारे बच्चे स्कूलो में बैठ कर शिक्षा ग्रहण करते है उस स्कूल की स्थिति कैसी है।जो अपनी जिंदगी दाँव में लगाकर पढ़ाई कर रहे है।इतना अगर सोच सत्ताधरी या विपक्ष या अन्य पार्टियों की होती तो आज दर्जनों स्कूलो की दुर्दशा ऐसी नही रहती। इन पाँच सालो में कई बार स्कुलो की गंभीर परिस्थितियों के बारे में कई अखबारों और मीडिया के माध्यम से उजागर किया गया,परंतु कोई भी पार्टी इन विषयों पर गंभीर नही दिखे।

दर्जनों स्कूल भवन जर्जर, जिम्मेदार मौन : बता दे पखांजुर क्षेत्र में एक नही दर्जनों से अधिक स्कूल ऐसे जर्जर है,जैसे कलरकुटनी प्राथमिक शाला, चितरंजन नगर पिव्ही 91,विबेक नगर,पिव्ही 89,पिव्ही 47,पिव्ही 51,ढोरकटटा आदि ऐसे गांव की प्राथमिक शाला जिसकी हालात अति जर्जर स्थिति में,जहां रोज छोटे छोटे बच्चों की जान खतरे में रहती है. जिम्मेदार कान में तेल डाले हुए सोए हैं. शिक्षा के इस मंदिर में बच्चे खतरों के बीच डर के साए में पढ़ाई कर रहे हैं. क्षेत्र के दर्जनों स्कूल भवन जर्जर बदहाल स्कूल भवन में बच्चों को पढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है.स्थिति ऐसी है कि स्कूल छत का प्लास्टर कभी भी उखड़कर गिर सकता है और गिर भी रहा है,स्कूलो के दीवारों में दरार दिखने लगे है जिसके कारण कभी भी अनहोनी हो सकती है, जो की खतरे का कारण बन सकता है या फिर कभी धराशही हो सकता है,यहां की कई प्राथमिक विद्यालय पुराने हो चुके है या रखरखाव के अभाव या में जर्जर हो चला है। भवन का सारा हिस्सा खण्डहर में तब्दील हो रहा है। वही 2 सालों से स्कूल बंद होने के चलते स्कूल भवन में चारों ओर प्लास्टर उखढ़ रहा है। सीलन आ रही है तथा छत से प्लास्टर नीचे गिर रहा है,पानी मे बैठकर बच्चों पढ़ाई करने में मजबूर है।अंदरूनी क्षेत्र होने के चलते अधिकारियों का दौरा इन क्षेत्रों में नही होता है ,जिसका खामियाजा आज इन बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

जाति प्रमाण पत्र जारी करने में देरी

- सम्बन्धित अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश

जगदलपुर/नवप्रदेश: कलेक्टर विजय दयाराम के. ने समय सीमा की बैठक में जाति प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक देरी करने के लिए बास्तानार बीईओ, तहसीलदार और लोहंडीगुड़ा तहसीलदार को स्पष्टिकरण जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मंगलवार की शाम जिला कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक ली।

कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की साप्ताहिक समीक्षा करते हुए अधिकारियों निर्देशित किए कि महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नागरिक आपूर्ति निगम,कॉपरेटिव के मजदूर और निर्माण विभाग के अकुशल श्रमिकों को इनशोरेन्स क्लेम दिलवाने के प्रयास करने की आवश्यकता बताई।

बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत मरम्मत कार्य, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद, सांसद निधि, विधायक निधि अन्य मदों से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

गोधन न्याय योजना के समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने वर्मी कामोस्ट और गोमूत्र से बने उत्पाद का उठाव करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही रीपा की आर्थिक गतिविधियों का संचालन की समीक्षा करते हुए उत्पादित गोबर पेंट को पूर्व आर्डर देकर सभी निर्माण विभागों को उठाव करवाने कहा। बैठक के उपरांत सहकार से समृद्धि योजना के एजेंडा और जल जीवन समिति की बैठक किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर हरेश मंडावी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

विमल सुराना बने संयुक्त महासचिव, कांग्रेसियों में खुशी की लहर

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज आगामी दो माह के भीतर होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए लगातार अपनी टीम का विस्तार करने में जूटे हुए हैं। इसी सिलसिले में जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी, पूर्व जिला अध्यक्ष तथा वर्तमान में खाद्य आयोग के सदस्य गीदम निवासी विमल चंद सुराना को संयुक्त महासचिव पद पर नियुक्त किया गया है। श्री सुराना को पीसीसी अध्यक्ष द्वारा नई जिम्मेदारी सौंपे जाने से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

शहीद स्व0 महेंद्र कर्मा के कट्टर समर्थक व लंबे समय से कांग्रेस की राजनीति से सुराना परिवार का गहरा नाता रहा है जो आज भी कायम है। विमल चंद सुराना ने अपने 10 वर्ष के अध्यक्षीय कार्यकाल में संगठन को मजबूती प्रदान करने में अहम भुमिका निभाई है। जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को संगठित कर वर्तमान विधायक देवती कर्मा को दो बार जीत दिलाने का मार्ग भी सुराना के मार्गदर्शन में ही प्रशस्त हुआ है। विमल सुराना की छवि बेहद ही ईमानदार नेता की रही है तथा उन्होने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान संगठन को अर्श से फर्श तक पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा। 2018 के

विस में दंतेवाड़ा विधानसभा सीट हारने के बाद भी उन्होने संगठन को कमजोर नहीं होने दिया। कड़ी मेहनत व समर्पित भाव से संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य लगतार करते रहे । इसी का परिणाम था कि उपचुनाव में देवती कर्मा को प्रचंड बहुमत से जीत हासिल हुई और वे दोबारा से विधायक बनीं। प्रदेश के मुखिया भुपेश बघेल से भी विमल चंद सुराना का काफी नजदीकी है। यही कारण है कि गीदम को राजस्व अनुविभाग का दर्जा छग सरकार ने दिया जिसके बाद एसडीएम की पोस्टिंग गीदम में हुई। मेडिकल कॉलेज की सौगात भी भुपेश बघेल ने गीदम में बनाने की घोषणा की है । घोषणा के वक्त सीएम श्री बघेल ने सुराना का नाम लेते हुए सार्वजनिक मंच से कहा भी था कि आप की मांग पर ही गीदम को अनुविभाग का दर्जा हम दे रहे हैं। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कांग्रेसी विमल सुराना का कद बस्तर की राजनीति में कितना बड़ा व अहम है। बहरहाल श्री सुराना को एक नई जिम्मेदारी सौंपी गई है जिससे कांग्रेसियों में एक नई उर्जा का संचार होना लाजिमी है। समर्थक उत्साह एवं आत्मविश्वास से लबरेज हैं और आगामी चुनाव में भारी मतों से दंतेवाड़ा विस से जीत का परचम लहराने की बात दोहरा रहे हैं। चुनावी शंखनाद हो चुका है, बिगुल भी फूंकी जा चुकी है। अब बस रण में उतरने की देरी है। सुराना को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में संयुक्त महासचिव बनने पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने भी शुभकामनाएं दी है वहीं सुराना ने मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा है कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका निष्ठापूर्वक निवर्हन करते हुए पार्टी को जीत दिलाएंगे। सुराना को संयुक्त महासचिव बनने पर कटेकल्याण, किरंदुल, बचेली, कुआकोंडा, दंतेवाड़ा, गीदम, बारसूर सहित सुकमा एवं बीजापुर जिले के कांग्रेसियों ने भी बधाई दी है।

राजस्व निरीक्षक, पटवारी की संयुक्त टीम करेगी निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। अल्पवर्षा के कारण फसल क्षति एवं सूखे की संभावना पर जनपद पंचायत नरहरपुर के सभागार में आज बैठक आयोजित की गई, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर मनीष साहू द्वारा ग्रामवार फसल क्षति एवं सूखे की स्थिति वाले ग्रामों की सूची तैयार कर सूखा सर्वे का कार्य राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की टीम द्वारा संयुक्त रूप से करने तथा एक सप्ताह के भीतर अवगत कराने कहा गया। कृषि विभाग के उप संचालक नरेंद्र कुमार नागेश ने धान खरीदी में किसानों के नॉमिनी फॉर्म भरने की जानकारी देते हुए बताया कि गत वर्ष पंजीकृत किसानों से धान खरीदी के लिए इस वर्ष कृषकों को नॉमिनी फॉर्म भरना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ग्राम स्तर पर इस सम्बंध में कोटवार एवं किसान मित्रों के माध्यम से मुनादी करवा कर कृषकों के माध्यम से नॉमिनी फॉर्म लैम्पस में जमा करवाना सुनिश्चित करें। बीज की माँग तथा कोदो कुटकी रागी एवं मक्का फसल की सूची तैयार कर गिरदावरी के लिए कृषक सूची पटवारी को देने पर भी विस्तृत समीक्षा की गई। क्षेत्र में लो-वोल्टेज और विद्युत की समस्या से विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता सतीश कुमार किंडो को अवगत कराया गया। अधिकारियों ने ग्राम ढोढरापहर में अल्प वर्षा से फसल क्षति का निरीक्षण भी किया।

बैठक सहायक संचालक कृषि जितेंद्र कुमार कोमरा, तहसीलदार नरहरपुर सुधीर खलखो, जनपद सीईओ नरहरपुर पी. के. गुप्ता, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरहरपुर दिनेश कुमार कुंजाम, कृषि विकास अधिकारी नरहरपुर श्री एल. एन. नेताम, कृषि स्थायी समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा किसान भाई उपस्थित थे।

निर्वाचक अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा आज कांकेर जिले के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत फॉर्म 06, फॉर्म 07 एवं फॉर्म 08 को त्रुटिरहित ढंग से भरने के संबंध में वर्चुअल माध्यम से विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हांकित करने तथा उनकी मार्किंग करने के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता होने पर उन्हें डाक मत पत्रों से मतदान करने की सुविधा दी जा सकती है, लेकिन यह सुविधा वैकल्पिक होगी। फॉर्म 07 में विलोपन संबंधी कार्य को बड़ी सावधानी से करने की सलाह देते हुए उन्होंने बताया गया कि मतदाता की मृत्यु होने, स्थाई रूप

से स्थानांतरित होने पर विलोपन का फॉर्म भरा जावे। फॉर्म 08 को भी त्रुटिरहित भरने के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ को प्राप्त आवेदनों में से 05 प्रतिशत आवेदनों का अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन करने के लिए सभी सुपरवाईजरों को निर्देशित किया गया। बीएलओ रजिस्टर भरवाने के निर्देश भी दिये गये।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में कांकेर जिला ने बढ़िया कार्य किया है, इसे बनाये रखें। सभी अधिकारी ऐसा काम करें कि कोई त्रुटि न हो। बीएलओ को प्राप्त आवेदनों में से 05 प्रतिशत आवेदनों का सभी सुपर वाईजर घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन करें तथा अपने रिपोर्ट में ग्रामीणों का भी हस्ताक्षर लिया जाये। उन्होंने कहा कि जो भी बीएलओ त्रुटिरहित कार्य करेंगे तथा शत-प्रतिशत शुद्ध मतदाता सूची तैयार करेंगे, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर भी पुरस्कृत किया जायेगा। उन्हांने बताया कि जिले के सभी मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा आज रैपसांग का लांच किया गया।

वन विभाग की दबंगई | जिले की जन समस्याओं का तत्काल हो समाधान

सीपीआई जिला परिषद् ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

कोंडागांव /नवप्रदेश। जिले के जन सममस्याओं को तत्काल समाधान करने के लिए सीपीआई जिला परिषद् कोण्डागांव द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करके राज्यपाल एवं मुख्य मंत्री छ.ग.शासन के नाम प्रेषित ज्ञापन को एस.डी.एम. कार्यालय में पहुंचकर मौके पर मौजूद तहसीलदार को 11 सूत्रीय मांगों सम्बन्धी ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे ज्ञापन में सीपीआई जिला परिषद् कोण्डागांव द्वारा मांग की गई है कि बस्तर संभाग में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में स्थानीय उम्मीदवारों को प्राथमिकता देते हुए सभी वर्ग के स्थानीयों हेतु टीईटी, डी-एड, बी.एड. योग्यता की अनिवार्यता समाप्त कर बस्तर संभाग के ही उम्मीदवारों को भर्ती करने। बस्तर संभाग में शिक्षकों की भर्ती एवं पदोन्नति प्रक्रिया में विषयवार

शिक्षकों की भर्ती एवं पदोन्नती प्रक्रिया की अनिवार्यता को समाप्त करने पारित आदेश से बस्तर संभाग में शिक्षा का स्तर गिर जाएगा तथा सरकारी स्कूलों के बच्चों का जीवन अंधकारमय हो जाएगा। सरकार स्थानीय उम्मीदवारों को प्राथमिकता देते हुए विषयवार शिक्षकों की भर्ती एवं पदोन्नती प्रक्रिया को पुनः लागू करे। सभी सरकारी स्कूलों में विषयवार शिक्षकों की भर्ती करे तथा सभी जीर्ण-शीर्ण स्कूलों का मरम्मत कार्य तत्काल प्रारंभ करे। छत्तीसगढ़ राज्य में होने वाले आगामी विधान सभा और लोक सभा चुनाव में शिक्षकों को चुनाव कार्य में संलग्न न किया जाय, ताकि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित ना हो। . कोण्डागांव जिले के सभी जाति वर्ग के पात्र किसानों को अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2008 के प्रावधानों के तहत वनाधिकार प्रपत्र तत्काल प्रदान किया जाय तथा जिन किसानों के आवेदन किन्हीं कारणवश निरस्त किए गए हैं, उनके काबिज भूमि पर वन विभाग का अमला जबरन प्रवेश कर खड़ी फसल को नष्ट करते हुए पौधा रोपण कर रहा है, उस पर तत्काल रोक लगायी जाये। स्थानीय स्तर पर कुछ रसूखदारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर वर्ग के लोग, जो वन भूमि व राजस्व भूमि पर काबिज होकर कृषि कार्य कर रहे हैं, अपने प्रभाव का उपयोग कर उनकी काबिज भूमि को छीनने का प्रयास किया जा रहा है, उस पर तत्काल रोक लगायी जाय। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के ऐसे नागरिकों को जो शासकीय भूमि पर मकान बनाकर कई वर्षों से निवासरत हैं, उन्हें उपरोक्त भूमि का निःशुल्क पट्टा तत्काल प्रदान किया जाय। बस्तर संभाग की मूल जातियों को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल किया जाय।

यूएस ओपन : शीर्ष सितारे मेदवेदेव, 'वेरेव, बेरेटिनी दूसरे दौर में पहुंचे

न्यूयॉर्क। पूर्व यूएस ओपन चैंपियन डेनियल मेदवेदेव हंगरी के अत्तिला बालाज को 6-1, 6-1, 6-0 से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में पहुंच गए।यह तीसरी वरीयता प्राप्त रूसी खिलाड़ी की सीज़न की 50वीं टूर-स्तरीय जीत थी। अब उनके पास यूएस ओपन में 24-5 का रिकॉर्ड है, उन्होंने हार्ड-कोर्ट इवेंट में तीन अन्य बड़ी प्रतियोगिताओं (ऑस्ट्रेलियाई ओपन 21, विंबलडन 1 3, रोलैंड गैरोस 7) की तुलना में अधिक जीत हासिल की है।उनका अगला मुकाबला मैक्स परसेल और क्रिस्टोफर ओ'कोनेल के बीच होने वाले ऑस्ट्रेलियाई मैच के विजेता से होगा। मेदवेदेव, जो इस पखवाड़े में अपने दूसरे स्लैम खिताब का पीछा कर रहे हैं, ने इस साल हार्ड कोर्ट पर चार टूर-स्तरीय ट्रॉफियां उठाई हैं।अन्य मुकाबले में जर्मनी के अलेक्जेंडर 'वेरेव ने अलेक्जेंडर वुकिक को 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला डेनियल अल्टमैयर या कॉन्स्टेंट लेस्टिएन से होगा।26 वर्षीय 'वेरेव, जो 2020 में न्यूयॉर्क में फाइनल में पहुंचे थे, उन्होंने दो घंटे और 11 मिनट के बाद आगे बढ़ने के लिए अपने पहले पाओ के 86 प्रतिशत (50/58) अंक जीते।

2019 यूएस ओपन के सेमीफाइनलिस्ट माटेओ बेरेटिनी ने शानदार प्रदर्शन किया और राउंड 1 में नंबर 29 सीड उगो हम्बर्ट को सीधे सेटों में हराने के लिए 11 ऐस लगाए। बेरेटिनी ने 2019 संस्करण को रिपीट करते हुए 202 3 संस्करण मेंक्लैश 6-4, 6-2, 6-2 से जीतकर जीता।

चोटों के कारण बेरेटिनी का सीज़न ख़राब हो गया है, और पूर्व शीर्ष 10 खिलाड़ी पूरे वर्ष रुक-रुक कर खेलने के बाद इस मुकाबले में आए थे; एक समय के विश्व नंबर 6 खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी (नंबर 36 से नंबर 3 3) से कम रैंक पर आए थे, जिन्होंने हाल ही में अटलांटा में एक एटीपी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए विश्व नंबर 1 3 एलेक्स डी मिनौर को हराया था। हालांकि, शुरुआती आदान-प्रदान में बेरेटिनी को अपना फॉर्म और अपने फोरहैंड का पता चलता दिख रहा था।

श्रीलंका:15 सदस्यीय टीम, चोट के कारण प्रमुख खिलाड़ी बाहर

कोलंबो । श्रीलंका ने 30 अगस्त से 17 सितंबर तक होने वाले एशिया कप-2023 के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है।एशिया कप की सह-मेजबान श्रीलंका ने अपनी टीम का ऐलान किया है। इस टीम में कई बड़े नाम इंजरी के कारण शामिल नहीं है।श्रीलंका के चार प्रमुख खिलाड़ी, जिनमें-दुश्मंथा चामीरा, वानिंदु हसारंगा, लाहिरू कुमारा और दिलशान मधुशंका चोट के कारण इस टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं, जिससे टीम का गेंदबाजी आक्रमण काफी कमजोर हो गई है।श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के बयान के अनुसार, दो साल के अंतराल के बाद वनडे टीम में वापसी कर रहे कुसल परेरा अभी भी फ्लू से उबर रहे हैं और ठीक होने के बाद वह टीम में शामिल हो जाएंगे। चोटिल चमीरा, मदुशंका और कुमारा की अनुपस्थिति में तेज गेंदबाज बिनुरा फर्नांडो और प्रमोद मदुशन को टीम में रखा गया है। एशिया कप में श्रीलंका का पहला मैच 31 अगस्त को पल्लेकेले में बांग्लादेश के खिलाफ है।एशिया कप के लिए श्रीलंका टीम = दासुन शनाका (कप्तान), पाथुम निसांका, दिमुथ करुणारत्ने, कुशल जेनिथ परेरा, कुसल मेंडिस (विकेट कीपर), चारिथा असालंका, धनंजय डी सिल्वा, सादीरा सामारविक्रमा,महीश तीक्षणा, दुनिथ वेलालेगे, मथीसा पतिराणा, कासुन रचिता, दुशन हेमंता,बिनुरू फर्नांडो, प्रमोद मधुशन।

नीरज और मुरली डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई

भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा और लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। नीरज-मुरली ने लीग की फाइनल स्टैंडिंग्स में तीसरे स्थान पर रहते हुए अगले महीने यूजीन में 16 और 17 सिंतबर को होने जा रही लीग का टिकट हासिल किया। स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख शहर में आयोजित लीग की 11वीं मीट में नीरज 85.71 मीटर के बेस्ट स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि मुरली ने लॉन्ग जंप इवेंट में 7.99 मीटर डिस्टेंस निकालते हुए 5वां स्थान हासिल किया। लॉन्ग जम्प इवेंट में मुरली श्रीशंकर ने पहले ही प्रयास में 7.99 मीटर की छलांग लगा दी, जबकि नीरज ने 80.79 मीटर स्कोर किया। आगे के प्रयासों में मुरली अपना स्कोर बेहतर नहीं कर सके, जबकि नीरज आखिरी प्रयास में 85.71 मीटर की डिस्टेंस कवर करके दूसरे स्थान पर आ गए। मुरली 5वें नंबर पर रहे, 4 पॉइंट्स मिले मुरली श्रीशंकर ज्यूरिख मीट के लॉन्ग जम्प इवेंट में 5वें नंबर पर रहे। उन्हें इसके लिए 4 पॉइंट्स मिले। डायमंड लीग में अब उनके कुल 14 पॉइंट्स हो गए हैं। वह फाइनल स्टैंडिंग्स में तीसरे नंबर पर हैं। मुरली ने पहले प्रयास में 7.99 मी., दूसरे में 7.96, तीसरे में फाउल, चौथे में 7.96 और 5वें में 7.93 मीटर स्कोर किया। इस इवेंट में ग्रेनेडा के मिल्तियादिस टेंटोग्लो ने टॉप किया। उन्होंने 8.20 मीटर जम्प किया। जमैका के तजय गेल (8.07 मी.) दूसरे, अमेरिका के जैरियन लॉसन (8.05 मी.) तीसरे और राडेक जुस्का (8.04 मी.) चौथे नंबर पर रहे।

भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव पर रोक, सुप्रीम कोर्ट ने दखल देने से किया इंकार

नई दिल्ली । भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव पर लगी रोक को हटाने की याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।11 अगस्त को पंजाब और हरियाणा उ'च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव पर 28 अगस्त तक रोक लगा दी थी। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने याचिकाकर्ता, आंध्र प्रदेश एमे'योर कुश्ती संघ से अपनी शिकायतों के साथ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने को कहा है। 11 अगस्त को, पंजाब और हरियाणा उ'च न्यायालय ने हरियाणा कुश्ती संघ (एचडब्ल्यूए) द्वारा दायर एक याचिका पर अगले आदेश तक चुनाव रोक दिया गया था, जिसमें हरियाणा एमे'योर कुश्ती संघ को डब्ल्यूएफआई चुनावों में वोट डालने की अनुमति देने के कदम को चुनौती दी गई थी।न्यायमूर्ति विनोद एस भारद्वाज की पीठ ने यह देखने के बाद मामले को 28 अगस्त के लिए स्थगित कर दिया कि पार्टियों को भारतीय कुश्ती महासंघ की कार्यकारी समिति के चुनाव के लिए वोट डालने का महत्वपूर्ण अधिकार है, जो 12.08.202 3 को होना था। उसे सुनवाई की अगली तारीख तक रोक लगाने का आदेश दिया जाता है। इससे पहले जुलाई में, शीर्ष अदालत ने एक याचिका पर डब्ल्यूएफआई चुनावों पर गुवाहाटी उ'च न्यायालय की रोक हटा दी थी।

कोहली: वनडे फॉर्मेट मेरे लिए बेहद खास है...

नई दिल्ली। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने वनडे क्रिकेट के प्रति अपनी गहरी रुचि व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस फॉर्मेट में उन्हें बैटिंग के सभी पहलुओं को परखने का अवसर मिलता है।विराट कोहली, ये नाम दुनिया के सबसे धाकड़ बल्लेबाजों में शुमार है। क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट मे किंग कोहली ने अपनी बड़ी पहचान बनाई है लेकिन इस बल्लेबाज को सबसे 'याद पंसद वनडे क्रिकेट है।इंटरनेशनल क्रिकेट में विराट के नाम कई बड़े रिकॉर्ड हैं।वनडे क्रिकेट के क्षेत्र में कोहली का ट्रैक रिकॉर्ड शानदार है। इस फॉर्मेट में उनके नाम 46 शतक हैं। 34 वर्षीय खिलाड़ी ने 202 3 में खेले गए 10 वनडे मैचों में 5 3. 37 की औसत से 427 रन बनाए, जिसमें नाबाद 166 रन का बेस्ट स्कोर भी शामिल है।स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कोहली ने कहा, वनडे क्रिकेट ने हमेशा मुझे मेरा बेस्ट प्रदर्शन करने का मौका दिया है, क्योंकि यह उन्हें चुनौतियों को स्वीकार करने और टीम को जीत दिलाने के लिए स्थिति के अनुसार अपने खेल को बदलने का मौका देता है। कोहली ने कहा, मुझे वनडे क्रिकेट खेलना पसंद है। मुझे लगता है कि मेरे लिए, वनडे क्रिकेट शायद एक ऐसा फॉर्मेट है जो आपके खेल का पूरी तरह से परीक्षा लेता है।

आपकी तकनीक, संयम, धैर्य और समय के हिसाब से खेलने का मौका मिलता है। इसलिए, मुझे लगता है यह आपको एक बल्लेबाज के रूप में पूरी तरह से परखता है। मुझे लगता है कि वनडे क्रिकेट ने हमेशा मेरा सर्वश्रेष्ठ निकाला है, क्योंकि मुझे उस चुनौती को स्वीकार करना और अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए स्थिति के अनुसार खेलना पसंद है।मैंने हमेशा ऐसा करने की कोशिश की है। जैसा कि मैंने कहा- इससे मुझे अपनी बल्लेबाजी के सभी पहलुओं को नियमित रूप से परखने का मौका मिलता है और यही कारण है कि मैं वनडे क्रिकेट खेलने का आनंद लेता हूं।अब विराट कोहली, एशिया कप-202 3 में पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन में नजर आएंगे। जब टीम इंडिया 2 सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

बिजनेस

अबूझमाड़ ग्रुप को अपना जाना-पहचाना हुनर सलाम देने के लिए क्रेन पर चढ़ गईं जज शिल्पा शेट्टी कुंद्रा

रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का टैलेंट रियलिटी शो, इंडियाज़ गॉट टैलेंट भक्ति गायक अनूप जलोटा की उपस्थिति में जन्माष्टमी का त्यौहार मनाएगा। इस मौके पर टॉप 14 कंटेस्टेंट्स अपनी बेमिसाल परफॉर्मेंस से दर्शकों को मंत्र मुक्त कर देंगे, जो न सिर्फ खास मेहमान अनूप जलोटा को, बल्कि जजों - शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, बादशाह और किरण खेर को भी प्रभावित कर देंगे।इस दौरान हुनर और एंटरटेनमेंट की हदों से आगे निकलने वाला, छत्तीसगढ़ का अबूझमाड़ ग्रुप सब पर छा जाएगा जहां वे एक विशाल क्रेन का इस्तेमाल करके एक रोमांचक प्रदर्शन करेंगे।

उनके अद्भुत प्रदर्शन ने न केवल सभी को आश्चर्यचकित कर दिया, बल्कि इस ग्रुप ने पारंपरिक खेल, मलखंभ परफॉर्म करते हुए सटीकता और कौशल का प्रदर्शन करने के लिए जबर्दस्त प्रशंसा भी हासिल की।उनकी सराहना करते हुए बेहद उत्साहित किरण खेर ने कहा, ÷शानदार! यह एक्ट एक ही समय में मुश्किल और सुंदर दोनों था। जिस तरह से आपने इतनी सफाई के साथ परफॉर्म किया, वो काबिले तारीफ है! मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि वो आपको हमेशा सुरक्षित और खुश रखें। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने आगे कहा, ÷आपने इस एक्ट के जरिए बहुत सारे हुनर दिखाए हैं। इसने मुझे यूरोप में परफॉर्म करने वाले सर्क डी सोइल नाम के एक ग्रुप की याद दिला दी। जिस तरह से आपने आज हमारा मनोरंजन किया; मैं मंत्रमुग्ध हो गई। यह एक सर्वोत्तम परफॉर्मेंस थी। तारीफों का सिलसिला आगे बढ़ाते हुए होस्ट अनूप जलोटा कहते हैं, इनको छत्तीसगढ़ के 36 गुण मिल गए। इस एक्ट के बारे में सबकुछ अद्भुत था, लेकिन छोटा बचा सुरेश उत्कृष्ट था! जब भगवान कृष्ण बचे थे, तो वे बहुत मासूम थे, लेकिन जब वे युद्ध के मैदान में कदम रखते थे, तो वे बहुत ध्यान केंद्रित करते थे; भगवान कृष्ण की तरह, आप सभी में समान गुण हैं। आप सभी मासूम दिखते हैं लेकिन सभी ने बिंदास होकर परफॉर्म किया।इससे भी यादा रोमांचक बात यह है कि शिल्पा शेट्टी अबूझमाड़ ग्रुप को अपना सिग्नेचर हुनर सलाम देने के लिए क्रेन पर चढ़ जाएंगी। देखिए इंडियाज़ गॉट टैलेंट, इस शनिवार और रविवार रात 9.30 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर!

पिछले 10 साल में रिलायंस ने 150 अरब डॉलर का किया निवेश, भारतीय कॉर्पोरेट घरानों में सबसे आगे

नई दिल्ली । रिलायंस ने पिछले 10 साल में कुल 150 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है जो देश में किसी भी अन्य कॉर्पोरेट घराने से अधिक है, और दुनिया भर के प्रमुख व्यवसायों के बराबर है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कंपनी की 46वीं एजीएम में अपने संबोधन में यह बात कही।

अंबानी ने कहा, पूरी विनम्रता के साथ मैं कहना चाहूंगा कि नया रिलायंस उभरते हुए नए भारत का अग्रदूत रहा है। बढ़ती महत्वाकांक्षा के साथ हमने असंभव से दिखने वाले लक्ष्य निर्धारित किए और उन्हें हासिल किया।उन्होंने कहा, इस नई रिलायंस का वर्णन करने का सबसे अ'छा तरीका यह है कि हम अब विशिष्ट क्षमताओं के साथ एक नए युग की प्रौद्योगिकी कंपनी बन गए हैं। आज हम प्रौद्योगिकी के शुद्ध उत्पादक, प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने वाले के साथ ही प्रौद्योगिकी का लोकतांत्रिकरण करने वाले भी हैं। अंबानी ने कहा, रिलायंस के बारे में जो सच है, वह अन्य भारतीय उद्यमों, अग्रणी कॉरपोरेट्स और स्टार्ट-अप्स के बारे में भी उतना ही सच है। मैं उनकी शानदार उपलब्धियों की बहुत प्रशंसा करता हूं। उन्होंने भी विकास, गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता और नवप्रवर्तन के प्रति जुनून के अपने शानदार प्रदर्शन से विश्व स्तर पर देश की प्रसिद्धि बढ़ाकर भारत को गौरवान्वित किया है।

शक्ति पम्पस् को हरियाणा में मिला 350 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर

मुंबई/ इंदौर। सोलर पंपिंग सॉल्यूशन में अग्रणी, शक्ति पम्पस् के खाते में एक नई उपलब्धि जुड़ गई है. कंपनी को हरियाणा में ग्रीन एनर्जी डेवलपमेन्ट एजेंसी (हरेडा) से 350 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर मिला है। यह वर्क ऑर्डर हरेडा द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण कुसुम स्कीम-3 के अंतर्गत मिला है।

शक्ति पम्पस् के चैयरमेन श्री दिनेश पाटीदार ने कहा ङ्क ÷हम हरियाणा के किसानों और हरेडा टीम को उनके विश्वास और समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं। इस प्रयास के माध्यम से, किसान सोलर एनर्जी का उपयोग करके पानी और बिजली बचाने के साथ साथ माइक्रो इरिगेशन की मदद से कृषि में और अधिक विकास कर सकते हैं। यह प्रयास पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति शक्ति पम्पस् की वचनबद्धता के अनुसार है और किसानों को कई फायदे भी पहुंचाता है। शक्ति पम्पस् इनोवेशन और एक्सीलेंस के मामले में लगातार सबसे आगे रहा है। कुसुम योजना फेस-1 और फेस - 2 के लिए पम्पस् के सप्लायर होने के साथ ही, फेस-3 के लिए किसानों द्वारा शक्ति कंपनी का चयन करना कृषि में नए परिवर्तन को दिखाता है। शक्ति पम्पस् ने पहले और दूसरे चरण के दौरान पूरे हरियाणा में 13,000 से अधिक पम्पस् इंस्टॉल किए है।

सोशल मीडिया पर प्रत्याशियों के प्रचार की कमान संभालेंगे कमल नाथ के स्पेशल 100

कांग्रेस के आईटी सेल ने हर विधानसभा क्षेत्र के लिए तैयार किए 100-100 कार्यकर्ता

भाजपा द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों का तोड़ भी देंगे निकालकर

इन्हें कमल नाथ के स्पेशल-100 का नाम दिया गया है।

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस इंटरनेट मीडिया के सभी माध्यमों का भरपूर उपयोग करेगी। इसके लिए पार्टी ने वार रूम बनाने के साथ प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 100-100 कार्यकर्ता तैयार किए हैं। इन्हें कमल नाथ के स्पेशल-100 का नाम दिया गया है। इनका काम प्रत्याशी और पार्टी का प्रचार सभी इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर सूचनाएं प्रसारित करने से लेकर फीडबैक जुटाने का होगा।

पार्टी का आइटी विभाग विभिन्न मुद्दों को लेकर वीडियो भी तैयार करवा रहा है, जिन्हें प्रत्याशियों की घोषणा के साथ ही प्रसारित किया जाने लगेगा। वहीं, विभाग की एक

टीम केवल भाजपा द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों का अध्ययन करके उसका तोड़ निकालने के लिए तैयार की गई है। विभाग के अध्यक्ष अभय तिवारी का कहना है कि ये स्पेशल-100, प्रत्याशी कोई भी हो, उसके लिए काम करेंगे। इंटरनेट मीडिया के सभी प्लेटफार्म का उपयोग पार्टी की बात आमजन तक पहुंचाने के लिए किया जाएगा। प्रत्याशी की ओर से सामग्री पोस्ट करने का काम ये कार्यकर्ता करेंगे।

फिर उस पर मिलने वाला फीडबैक संगठन तक पहुंचेंगे। कांग्रेस द्वारा घोषित होने वाले वचन पत्र, प्रमुख नेताओं की सभा, रोड शो सहित अन्य कार्यक्रमों की लिंक साझा होगी तो समय-समय पर पार्टी की रीति-नीति से जुड़े वीडियो प्रसारित किए जाएंगे।

ये सभी सामग्री राज्य स्तर से उपलब्ध कराई जाएगी ताकि एकरूपता रहे। भाजपा के हर मुद्दे पर होगा पलटवार प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग अध्यक्ष केके मिश्रा का कहना है कि भाजपा द्वारा जो भी मुद्दा उठाया जाएगा, उस पर पलटवार होगा। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने एक टीम तैयार की है, जो प्रमाणिक तथ्य उपलब्ध कराएगी।

वीडी शर्मा बोले- कांग्रेस के खून में अंग्रेजों के जीन: कहा- फूट डालो-शासन करो की राजनीति करते हैं

शहीद की मां से लिया मिट्टी का कलश

भोपाल/नवप्रदेश। मुंबई में विपक्षी दलों की बैठक के बाद लोकसभा चुनाव में उनके एकजुटता के साथ लड़ने की तैयारी को लेकर मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा, कांग्रेस के खून में अंग्रेजों के जीन आज भी हैं। जब तक वे जीन रहेंगे तब तक फूट डालो और शासन करो की राजनीति कांग्रेस करती रहेगी।

वीडी शर्मा बोले, इन्होंने गठबंधन का नाम इंडिया दिया है। यह शब्द ही गलत है। इंडिया हमारे भारत देश के नाम को संबोधित किया जाता है। यह छलकपट झूठ की राजनीति करने वाले लोग अपना नेता तय नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए इसको कहा गया है गठबंधन। मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह झूठ बोलते हैं। कांग्रेस समाज का वातावरण बिगाड़ने और भ्रम फैलाने का काम करती है।

वीडी शर्मा ने भोपाल के शाहपुरा स्थित शहीद देवाशीष शर्मा के घर पहुंचकर उनकी मां से मिट्टी का कलश

किया। इसके बाद उन्होंने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी ने मेरी माटी- मेरा देश अभियान की शुरुआत की है। आज भोपाल में इसी अभियान के तहत शहीद कैप्टन देवाशीष शर्मा के घर से मेरी माटी- मेरा देश अभियान के तहत शहीद की माता जी ने एक कलश मिट्टी और चावल हमें भेंट की हैं। 31 अक्टूबर तक यह अभियान देश में चलेगा। कर्तव्य पथ पर दिल्ली में देशभर से 75 हजार कलश पहुंचेंगे।

स्मारक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम को आयोजित करेंगे। इस तरह पूरे देश में भाजपा के कार्यकर्ता और आम नागरिक घर-घर जाकर एक मुट्ठी मिट्टी और चावल लेकर लगातार अभियान चलाएंगे। जिन क्रांतिकारी शहीदों ने अपना बलिदान देकर भारत माता के लिए अपने आपको न्योछावर किया। ऐसे लोगों के लिए प्रधानमंत्री के आह्वान पर इस अभियान में हम सब कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

एक साथ चुनाव कराने पर समाज में हो रही चर्चा

देश में एक साथ चुनाव कराने के सवाल पर वीडी शर्मा ने कहा, वन नेशन वन इलेक्शन हो.. वन नेशन - वन राशन कार्ड हो। जो जनमत चाहता है, ऐसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अंदर कई व्यवस्थाएं की हैं। देश की व्यवस्था के लिए जिनकी जरूरत है, उन बातों पर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक काम हुए हैं। वन नेशन - वन इलेक्शन पर समाज के अंदर चर्चाएं होती रही हैं। अभी भी समाज में चर्चा चल रही है।

वीरेंद्र रघुवंशी के पार्टी छोड़ने पर कहा, बीजेपी को कोई असर नहीं पड़ेगा

वीरेंद्र रघुवंशी के पार्टी छोड़ने पर वीडी शर्मा ने कहा, कोई पार्टी नहीं छोड़ रहा, यह चुनाव का वक्त है। चुनाव में जब किसी को लगता है कि अब मेरा क्या होगा? वैसे मुझे यह सब कहना अच्छा नहीं लगता क्योंकि, उन्होंने भी काम किया है। लेकिन जब लोगों को लगता है कि हमारे लिए कल क्या होगा? यह तो राजनीति है। राजनीति में चुनाव आ गया है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी पर असर नहीं पड़ेगा। भारतीय जनता पार्टी अपने काम के बल पर आगे बढ़ रही है।

साँची के 7 हजार नागरिक ऊर्जा साक्षर

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम द्वारा ऊर्जा साक्षरता अभियान में विभिन्न माध्यमों से साँची शहर के लगभग 7 हजार नगर वासियों को ऊर्जा बचत एवं ऊर्जा संरक्षण के विषय में जागरूक किया गया है। हर घर सोलर की अवधारणा को साकार करते हुए लगभग 63 किलोवॉट क्षमता के सौर संयंत्र घरेलू छतों पर स्थापित किए गए हैं। कुछ ही दिनों में साँची नगर को प्रदेश की पहली सोलर सिटी होने का गौरव प्राप्त होने जा रहा है। भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को ध्यान मे रखते हुए मध्यप्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग तत्परता से कार्य कर रहा है। साँची शहर की ऊर्जा आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही है। साँची शहर में स्थित प्रमुख संस्थान की छतों पर कुल 174 किलोवॉट क्षमता के सौर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना की गयी है। इसमें से 150 किलोवॉट के संयंत्र मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम द्वारा रेस्को परियोजनान्तर्गत बगैर किसी पूँजीगत व्यय (शून्य निवेश) किए निर्धारित विकासक ईकाई द्वारा हितग्राही संस्थाओं को मानकीकृत न्यूनतम विद्युत की दर पर स्थापित किए गए हैं।

सार संक्षिप्त

यूरोप की सबसे ऊँची चोटी 'माउंट एल्ब्रुज' पर लहराया तिरंगा

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के ज्वाइंट डायरेक्टर (वित्त) श्री वरुण वडेरिया ने यूरोप की सबसे ऊँची चोटी 'माउंट एल्ब्रुज' पर तिरंगा लहराया है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति एवं प्रबंध संचालक, मप्र टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने श्री वडेरिया को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। श्री वडेरिया ने इंटरनेशनल फेडरेशन फॉर क्लाइबिंग एंड माउंटेनियरिंग से मान्यता प्राप्त संस्था नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ उत्तराकाशी से माउंटेनियरिंग कोर्स किया है। श्री वडेरिया ने बताया कि समुद्र तल से 5642 मीटर ऊँचे 'माउंट एल्ब्रुज' पर चढ़ाई काफी चुनौतीपूर्ण रही। ऊँचाई पर तापमान माइनस 10 डिग्री सेल्सियस से भी कम रहता है और हवा का बहाव काफी तेज होता है। चोटी की खड़ी चढ़ाई में हवा और ठंड आपकी कठोर परीक्षा लेती है। इसलिये यह यूरोप की न सिर्फ सबसे ऊँची चोटी है बल्कि चुनौतीपूर्ण भी है।

योग, प्राणायाम से मिला फायदा

वडेरिया ने पर्वतारोहण से पहले कई स्तर पर तैयारी की थी। पिछले दो माह से रनिंग और योग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एल्ब्रुज चोटी पर ऑक्सीजन और एयर प्रेशर काफी कम हो जाता है। इनके प्रभाव से साँसे फूलने लगती हैं। लेकिन योग, प्राणायाम के कारण काफी फायदा मिला और औसत समय से पहले ही चढ़ाई पूरी कर ली। श्री वडेरिया एक प्रशिक्षित पर्वतारोही है, जिनका लक्ष्य सेवन समिट (सप्त चोटी) पर तिरंगा फहराना है। सेवन समिट सात पारंपरिक महाद्वीपों में से प्रत्येक के सबसे ऊँचे पर्वत हैं।

5 सितंबर को भोपाल में होगा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह

भोपाल/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 5 सितम्बर को भोपाल में आयोजित होगा। समारोह में राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार-2023 के लिए चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार-2023 के लिए चयनित शिक्षकों की सूची जारी की है। इसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक श्रेणी में 8 और उच्चतर माध्यमिक शिक्षक श्रेणी में 6 शिक्षकों का चयन किया गया है। इस तरह कुल 14 शिक्षकों को राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2022 प्राप्त दो शिक्षकों रायसेन जिले से श्री नीरज सक्सेना और शाजापुर जिले से श्री ओमप्रकाश पाटीदार को भी सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले शिक्षकों को आयोजन के बाद एक्सपोजर विजिट भी करायी जाएगी।

राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षकों में प्राथमिक एवं माध्यमिक (कक्षा 1 से 8) शिक्षक श्रेणी में राजगढ़ जिले से प्राथमिक शिक्षक श्रीमती पूजा पनवार, बालाघाट जिले से प्राथमिक शिक्षक श्रीमती तिलोतमा कटरे, दमोह जिले से प्राथमिक शिक्षक श्रीमती संध्या तंतुवाय, सीधी जिले से प्राथमिक शिक्षक श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह, इंदौर जिले से सहायक शिक्षक श्रीमती नमिता दुबे, ग्वालियर जिले से सहायक शिक्षक श्रीमती सुनीता पाठक, सिंगरौली जिले से माध्यमिक शिक्षक श्री शरद कुमार पांडे एवं दमोह जिले से माध्यमिक शिक्षक श्री विमल कुमार पटेल शामिल हैं। उच्चतर माध्यमिक (कक्षा 9-12) शिक्षक श्रेणी में मुरैना जिले से उच्च माध्यमिक शिक्षक श्री राकेश कुमार शर्मा, उज्जैन जिले से शिक्षक श्री राजेश राठौर, छिंदवाड़ा जिले से माध्यमिक शिक्षक श्रीमती मनीषा जैन, सागर जिले से माध्यमिक शिक्षक श्रीमती शालिनी, बड़वानी जिले से सहायक शिक्षक श्री अजय यादव एवं उज्जैन जिले से प्राचार्य श्री अशोक कुमार सक्सेना का चयन किया गया है।

अब ओरछा क्षेत्र को मिलेगी 30 की जगह 4 कि.मी. से विद्युत सप्लाई

भोपाल/नवप्रदेश। एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने निवाडी जिले के प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल एवं धार्मिक नगरी ओरछा के लिये करीब 30 कि.मी. लंबाई की 132 के.व्ही. पृथ्वीपुर-ओरछा लाइन एवं 132 के.व्ही. सबस्टेशन ओरछा तैयार किया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि करीब 34.7 करो? रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित इस लाइन और सबस्टेशन को ऊर्जीकृत किया गया है। इस महत्वपूर्ण लाइन एंव सबस्टेशन को 50 एम.व्ही.ए. क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर के साथ मुख्यालय जबलपुर स्थित स्काडा कंट्रोल सेंटर रिमोट से ऊर्जीकृत किया गया। अब ओरछा क्षेत्र को 30 किलोमीटर की जगह 4 किलोमीटर से विद्युत सप्लाई होगी। तोमर ने बताया कि नवनिर्मित 132 के.व्ही. पृथ्वीपुर- ओरछा लाइन एवं सबस्टेशन के निर्माण से ओरछा एवं प्रतापपुरा क्षेत्र के करीब 11 हजार विद्युत उपभोक्ताओं के साथ ओरछा के विभिन्न पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों को उचित गुणवत्ता की कम व्यवधान के साथ विद्युत उपलब्ध हो सकेगी।

तेल का कंटेनर सस्ते में बेचने का लालच देकर की थी 21 लाख की ठगी, चेन्नई एयरपोर्ट से गिरफ्तार

भोपाल/नवप्रदेश। क्राइम ब्रांच ने राजधानी के तेल कारोबारी को दो रुपये प्रति लीटर कम की दर से तेल बेचने का लालच देकर 21 लाख की ठगी करने के मामले में फरार आरोपित को चेन्नई एयरपोर्ट से हिरासत में ले लिया है। वह कुआलालंपुर (मलेशिया) से होते हुये बाली इंडोनेशिया भागने की तैयारी मे था। उसके विदेश भागने की पूर्व से आशंका होने के कारण पुलिस ने लुक आउट नोटिस जारी करवाया था। इस वजह से उसे तमिलनाडु के चेन्नई एयरपोर्ट की सुरक्षा एजेंसी ने पकड़कर क्राइम ब्रांच को सूचना दे दी। क्राइम ब्रांच थाना पुलिस के मुताबिक राजधानी के तेल कारोबारी जगदीश वसंतानी ने 26 अगस्त को शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया था कि आठ जून 2022 को तुम्माला साई कृपा ट्रेडर्स के

संचालक साईनाथ पुत्र सत्यसाई से आइल खरीदने का सौदा हुआ था। साईनाथ ने उसे बताया कि रुपयों की जरूरत के कारण वह दो रुपये प्रति लीटर की दर से तेल का कंटेनर बेचना चाहता है। सहमति बनने पर जगदीश ने साईनाथ को 21 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। रुपये लेने के बाद साईनाथ ने तेल की आपूर्ति नहीं की और गायब हो गया था। शिकायत के आधार पर क्राइम ब्रांच ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पता चला कि शातिर आरोपित ने धोखाधड़ी करने के लिए तेल विक्रय के दस्तावेज अपनी नासमझ पुत्री के नाम से तैयार करवाए थे। इस काम में उसकी पत्नी और उसके एक दोस्त ने भी मदद की थी। साईनाथ के विदेश भागने की आशंका होने पर क्राइम ब्रांच ने उसका लुक आउट नोटिस जारी करवाया था। वह तमिलनाडु के चैन्नई एयरपोर्ट पहुंचा था। वहां की सुरक्षा एजेंसी ने उसे पकड़कर क्राइम ब्रांच को सूचना दे दी। इस मामले में आरोपित की पत्नी और उसका दोस्त फरार है। पूछताछ में पता चला कि वह कुआलालंपुर(मलेशिया) से होते हुये बाली इंडोनेशिया भागने की तैयारी मे था।

भोपाल में 20 एकड़ जमीन से हटाया कब्जा: कोहेफिजा में निजी जमीन पर गाड़ियां खड़ी की थी

कलेक्टर से शिकायत के बाद कार्रवाई

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के कोहेफिजा लालघाटी स्थित 20 एकड़ जमीन से जिला प्रशासन की टीम ने कब्जा हटाने की कार्रवाई की। यह प्राइवेट जमीन है। जिस व्हीकल शोरूम की गाड़ियां खड़ी कर दी गई थी। इस मामले में कलेक्टर आशीष सिंह से भी शिकायत की गई थी। शुक्रवार को एसडीएम आदित्य जैन ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। एसडीएम जैन ने बताया कि 20 एकड़ जमीन रमेश बच्चानी समेत परिवार की है। वर्ष 2007 में शोरूम संचालक और बच्चानी के बीच एग्रीमेंट भी हुआ था। वहीं,

कुछ दिन पहले बच्चानी ने कलेक्टर से कब्जा हटाने की शिकायत की थी। आज इस मामले में कार्रवाई की गई है।

भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस मौजूद रहा। ताकि किसी प्रकार के हंगामे की स्थिति न बने। करीब दो घंटे तक कार्रवाई चली।

देश के सबसे बड़े रक्षा-बंधन महोत्सव का शुभारंभ

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सारंग को बहनों ने बांधी चंद्रयान राखी

पहले दिन 14 हज़ार 778 बहनों ने मंत्री श्री सारंग को बांधी राखी

भोपाल/नवप्रदेश। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुक्रवार को देश के सबसे बड़े नरेला रक्षा-बंधन महोत्सव का छोला दशहरा मैदान से शुभारंभ किया। इसके बाद सुभाष नगर खेल मैदान में भी रक्षा-बंधन महोत्सव का आयोजन किया गया। पहले दिन लगभग 14 हज़ार 778 बहनों ने मंत्री श्री सारंग को रक्षा सूत्र बांधे। बहनों ने चंद्रयान राखी मंत्री श्री सारंग की कलाई पर बांधी।

प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री चौहान ने बहनों को राखी पर दिया तोहफा

मंत्री श्री सारंग ने बहनों को केंद्र और राज्य सरकार की जन-हितकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इस राखी पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान

ने बहनों को तोहड़ा दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एलपीजी सिलेंडर के दाम 200 रुपये कम करके बहनों को राहत दी है। प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में लाड़ली बहना योजना में बहनों को 1250 रुपये की राशि बैंक खाते में हर माह 10 तारीख को जमा की जा रही है, जो शीघ्र ही 3 हज़ार रुपये तक बड़ाई जायेगी।

नरेला विधानसभा नहीं यह मेरा परिवार

नरेला रक्षा-बंधन उत्सव में बहनों को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नरेला क्षेत्र को उन्होंने कभी भी राजनैतिक नजरिये से नहीं देखा, बल्कि हमेशा अपना परिवार माना है। नरेला रक्षा-बंधन महोत्सव नरेला विधानसभा का सबसे भव्य महोत्सव है। प्रतिवर्ष एक लाख से अधिक बहनें रक्षा-सूत्र बांधकर अपना स्नेह और आशीर्वाद प्रदान करती हैं। यह महोत्सव सनातन संस्कृति की अमिट मिसाल है।

बहनों ने भाई विश्वास की कलाई पर बांधी चंद्रयान राखी

महोत्सव में मंत्री श्री सारंग को नरेला विधानसभा की बहनों ने चंद्रयान राखी भी बांधी। चमकीले रंगों के धागों में सजी इस अनोखी राखी को बहनों ने खुद तैयार किया था। मंत्री श्री सारंग ने सभी बहनों को उपहार स्वरूप छाता और कैलेंडर भेंट किया। बहनों के भोजन की भी व्यवस्था की गई थी।

हर एक बहन से बंधवाई राखी

महोत्सव के पहले दिन नरेला विधानसभा के वार्ड-76 एवं 44 में आयोजन स्थलों पर हड़ारों की संख्या में बहनें राखी बांधने पहुँची। बहनों ने कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार किया और अपने भैया विश्वास सारंग को राखी बांधी। बुजुर्ग बहनों ने रक्षा-सूत्र बांधकर मंत्री श्री सारंग को आशीष दिया।

इस बार भी टूटेगा पिछले वर्ष का रिकॉर्ड

पिछले 14 वर्षों से निरंतर नरेला विधानसभा में रक्षा-बंधन उत्सव आयोजित किया जा रहा है। पिछले वर्ष भी लगभग एक लाख 12 हज़ार से अधिक बहनों ने मंत्री श्री सारंग को रक्षासूत्र बांधा था। इस बार भी एक लाख से अधिक बहनों के शामिल होने की संभावना है।

मंत्री श्री सारंग ने श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में किये दर्शन

छोला दशहरा मैदान में कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले मंत्री श्री सारंग ने प्राचीन श्री खेड़ापति हनुमान मन्दिर में दर्शन कर सभी के सुख-समृद्धि की कामना की।

रक्षा-बंधन उत्सव में पहुँचने पर क्षेत्रवासियों ने मंत्री श्री सारंग का भव्य स्वागत किया। मंत्री श्री सारंग को बग्गी से मुख्य कार्यक्रम स्थल तक डीजे और ढोल-ताशों के साथ मंच तक ले जाया गया। जमकर आतिशबाजी भी की गई। बहनों ने पुष्प-वर्षा कर श्री सारंग का स्नेहिल स्वागत किया।

आज 2 सितंबर को वार्ड-78 के विश्वकर्मा नगर और वार्ड-59 के शाखा ग्राउंड में रक्षा-बंधन महोत्सव होगा, जिसमें हजारों बहनें अपने लाड़ले भैया को रक्षासूत्र बाँधेंगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड-नं-3, पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित मो.नं. 9406245514, 9425237314 (न्याय क्षेत्र भोपाल) www.navpradeshbhopal@gmail.com